हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 14 जून 2024

तापमान
अधिकतम 44.0 डिग्री
न्यूनतम 32.0 डिग्री

10 दुकानदारों को शीघ्र मुआवजा उपलब्ध करवाया जाए



10 जींद से होगी राजनीति की दशा व दिशा तय: कंडेला



## खबर संक्षेप

### महिला के गले से तोड़ी सोने की चेन

**जींद।** गांव धमतान साहिब गुद्वद्वारा में माथा टेकने गई महिला के गले किसी व्यक्ति ने भीड़ का फायदा उठा कर सोने की चेन को तोड़ लिया। गढ़ी थाना पुलिस ने महिला की शिकायत पर अज्ञात लोगों के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गीता कालोनी टोहाना निवासी प्रोमिला ने पुलिस को शिकायत दी है।

### योग दिवस के संदर्भ में बैठक आज: गुरविंद्र सिंह

**कैथल।** नगराधीश गुरविंद्र सिंह ने बताया कि 21 जून को मनाए जाने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के संदर्भ में 14 जून को सायं 3 बजे लघु सचिवालय के सभागार में बैठक का आयोजन होगा। इस बैठक की अध्यक्षता अतिरिक्त उपायुक्त सी.जया श्रद्धा करेंगी। सभी संबंधित विभागों के अधिकारी निर्धारित स्थान व समय पर पहुंचना सुनिश्चित करें।

### बाइक से स्टंट करने से रोका तो डॉक्टर पर किया हमला

**जींद।** पटेल नगर में निजी डाक्टर ने बाइक पर स्टंट कर रहे युवक को रोका तो खफा युवक ने परिजनों के साथ मिल चिकित्सक पर हमला कर घायल कर दिया। शहर थाना पुलिस ने चिकित्सक की शिकायत पर सात लोगों को नामजद कर कुछ अन्य के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पटेल नगर निवासी डा. गौरव ने पुलिस को शिकायत दी है।

### धोखाखड़ी से मोबाइल ले जाने का आरोपित दबोचा

**कैथल।** जरुरी बाते करने की बात कहकर धोखाधड़ी से मोबाइल फोन लेकर फरार होने के मामले की जांच थाना सीवन पुलिस के एएसआई बलराज सिंह की टीम द्वारा करते आरोपी चक्कु लदाना निवासी हरपिंद्र सिंह को काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि केसर गंज जिला बहरीच यूपी निवासी सुनील की शिकायत पर केस दर्ज किया था।

### हत्यारोपित महिला गिरफ्तार, जेल भेजा

**जींद।** शहर थाना नरवाना पुलिस ने घर में घुस हमला कर हत्या करने की हत्यारोपित महिला को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया। जहां से अदालत ने आरोपित को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।

इस्माइलपुर रोड नरवाना निवासी बरखा ने चार फरवरी 2023 पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि उनकी पड़ोसी अजय के साथ रंजिश चली आ रही है।

### पुलिस ने उद्घोषित अपराधी को दबोचा

**कैथल।** पीओ स्टाफ इंचार्ज एसआई ओमप्रकाश की अगुवाई में एचसी अनिल कुमार द्वारा उद्धघोषित अपराधी पटियाला पंजाब निवासी जितेंद्र उर्फ काला को नियमानुसार गिरफ्तार कर लिया गया। प्रवक्ता ने बताया कि आरोपी पर वर्ष 2017 के दौरान थाना चीका क्षेत्र अंतर्गत के एक घर में घुसकर नकदी व आभूषण चोरी करने का आरोप है।

### बैंक की एसी वायर चोरी, मामला दर्ज

**जींद।** ओवरसिज बैंक सफीदों गेट शाखा के पीछे लगे एसी कापर वायर तथा कंडक्टर को चोरी करने पर शहर थाना पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। ओवरसिज बैंक के मैनेजर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीती रात चोरो ने बैंक के पीछे लगी एसी कापर वायर तथा उनके कंडक्टर को चोरी कर लिया।

### जूनियर फुटबाल टीम के लिए ट्रायल आज

**पूंडरी।** फतेहपुर के रा.सीनियर सेकेंडरी स्कूल में राजकीय खेल फुटबाल नर्सरी शुरू हुई है। 14 जून को फुटबाल जूनियर टीम के लिए ट्रायल लिया जाएगा। डीएफए सचिव बिरजपाल ने बताया कि ग्रुप 14 आयु वर्ग व अंडर 19 आयु वर्ग के खिलाड़ी भाग ले सकते है।

## 21 किलोमीटर की रफ्तार से चली गर्म हवाएं कर रही लोगों को बीमार

# नागरिक अस्पताल में उल्टी, दस्त व लू से पीड़ित मरीजों की भरमार

### 46 डिग्री तक पहुंचा तापमान, हीट वेव से बढ़ी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

दिनोंदिन बढ़ रहे तापमान व हीट वेव ने जहां आमजन को परेशान करके रख दिया है वही नागरिक अस्पताल में इन दिनों उल्टी, दस्त व लू लगने से पीड़ित मरीजों की संख्या में अच्छा खासा इजाफा हो गया है। जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल की बात की जाए तो यहां प्रतिदिन 200 से 250 मरीज ऐसे पहुंच रहे हैं जिन्हें या तो बुखार है या फिर उल्टी व दस्त लगे हुए हैं। ऐसे में अस्पताल प्रशासन द्वारा भी संदिग्ध मरीजों के टैस्ट करवाए जा रहे हैं। इसके अलावा प्राइवेट अस्पतालों में भी मरीजों की अच्छी-खासी संख्या है। मौसम का मिजाज पिछले चार दिनों से काफी गरम है। वहीं हीट वेव आमजन के लिए परेशानी बनी हुई है। दिन चढ़ने के साथ हवा गर्म हो जाती है और लू में तबदील हो जाती है। वीरवार को अधिकतम तापमान 44 डिग्री तो न्यूनतम तापमार 32 डिग्री दर्ज किया गया। हवा की गति 21 किलोमीटर प्रति घंटा चली तो मौसम में आद्रता 14 प्रतिशत रही।



जींद। अस्पताल में ओपीडी पर्ची के लिए लगी मरीजों की लंबी लाइन।

दिन में तापमान 44 डिग्री बने रहने के कारण हीट स्ट्रोक का खतरा लगातार मंडराता रहा। पिछले बीस दिनों से गर्मी भीष्ण रूप धारण किए हुए है। तापमान भी 44 से 46 डिग्री तक पहुंच रहा है। जिसके चले हीट स्ट्रोक के साथ डिहाईड्रेशन का खतरा भी लगाता बना हुआ है। भीष्ण गर्मी तथा लू चलने से उल्टी दस्त, पेट दर्द के मामलों में इजाफा हुआ है।

सबसे ज्यादा बच्चों तथा बुजुर्ग लोग चपेट में आ रहे है। जिसके चलते नागरिक अस्पताल की ओपीडी 1700 तक जा पहुंची है। चिकित्सकों ने लोगो को सलाह दी है कि भीष्ण गर्मी को देखते हुए घरो से बाहर न निकले ओर 'यादा से 'यादा पेय पदाथार् का प्रयोग करे। जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल में हर दूसरा मरीज वायरल से पीड़ित पहुंच रहा है। बाकायदा नागरिक अस्पताल में वायरल पीड़ित लोगों का टैस्ट भी करवाए जा रहे हैं और इसे लेकर उचित उपचार तथा बचाव की जानकारी भी दी जा रही है। वायरल की चपेट में बच्चे तथा बुजुर्ग ज्यादा आ रहे हैं वहीं युवा भी इसकी चपेट में आने से बच नहीं पा रहे हैं।

#### तुरंत चिकित्सक के पास पहुंचे

डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला ने बताया कि इस समय उल्टी, दस्त, बुखार, बदन दर्द, गला दर्द की समस्याएं लेकर मरीज 'यादा आ रहे हैं। गर्मी को देखते हुए विशेष ध्यान रखने की जरूरत होती है। बुखार होने पर तुरंत चिकित्सक से उपचार करवाना चाहिए और साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखना चाहिए।

#### फसलों पर भी पड़ रहा विपरित प्रभाव

भीष्ण गर्मी का प्रभाव फसलों पर भी पड़ रहा है। बेल वाली फसलें झुलसने लगी हैं। जिसके चलते सब्जियों का उत्पादन भी प्रभावित होने लगा है। कृषि विशेषज्ञों ने किसानों को सलाह दी है कि वे गर्मी के मौसम को देखते हुए शाम को फसलों की सिंचाई करें ताकि फसलों को गर्मी के प्रभाव से बचाया जा सके। मौसम वैज्ञानिक डा. राजेश ने बताया कि तापमान बहुत 'यादा जा रहा है। जिसका प्रभाव पड़ना स्वभाविक है। फिलहाल मौसम स्थिर रहेगा और दिन के समय गर्मी रहेगी। रातें भी गरम रहेंगी।

भीषण गर्मी का असर पशुओं पर भी पड़ रहा है। दुग्ध का उत्पादन भी घटा है। पशु पालकों को पशुओं को गर्मी से बचाने के लिए बड़ी जद्दोजहद करनी पड़ रही है। कुछ पशु पालकों ने पंखे के साथ कूलरों को पशुओं पर लगाया हुआ है तो कुछ ने पशुओं पर फव्वारे लगा दिए हैं। जिन्हें दिनभर चालू रखा जाता है। जिसके साथ पंखे भी चला कर रखे जा रहे हैं ताकि पशुओं को गर्मी से बचा कर रखा जा सके। पशु विशेषज्ञों का कहना है कि भीष्ण गर्मी का असर हर जीव जंतु पर पड़ रहा है। पशुओं को छांव में रखें, सीधी धूप से बचा कर रखें, नहलाने के साथ दिन में बार-बार पानी जरूर पिलाए।



कलायत। गांव खरक पांडवा में नारेबाजी करते ग्रामीण। फोटो :हरिभूमि

## खरक पांडवा के लोगों ने नेशनल हाईवे पर उतरने की दी चेतावनी

### ओवरलोडिड मिट्टी के डंपरों से परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कलायत

कलायत क्षेत्र में ओवर लोडिड मिट्टी डंपर संचालकों का मुद्दा रंग पकड़ गया है। इनके खिलाफ कार्यवाही के लिए ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन को 20 जून तक का अल्टीमेटम दिया है। उपरांत गंभीर समस्या को लेकर लोग नेशनल हाई-वे पर उतरेंगे। वेदप्रकाश, धर्मपाल सहारण, पाला राम, लाखा मांडी, प्रेम सिंह, राजकुमार राजेश, बसाऊ, सुरेश खरक, महेशा, पाला राम, दूसरे ग्रामीणों ने कहा कि डंपर संचालक आम जन के लिए खतरा बने हैं। दिन-रात दौड़ने वाले ओवर लोडिड डंपर सडकों, सिंचाई संसाधनों, पेड़-पौधों और दूसरी संपत्ति को निरंतर नुकसान पहुंचा रहे। इसको लेकर खरक पांडवा, जुलानी खेड़ा, सजुमा, चौशाला, कुराड, बडसीकरी और विभिन्न गांवों से जुड़े संगठनों ने कड़ा रुख अपना लिया है। इनका कहना है कि डंपर संचालक मुख्य के साथ-साथ संपर्क मार्गों को बुरी तरह से तहस-नहस कर रहे हैं। ऐसे में सरकारी और निजी संपत्ति को व्यापक स्तर पर नुकसान पहुंच रहा है। खरक पांडवा गांव में इस मुद्दे को लेकर प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों ने कहा कि आम आदमी के यातायात नियमों के नाम पर चालान काटे जा रहे हैं। जबकि आरटीए विभाग डंपर संचालकों से दूरी बनाए हैं। यह सरासर भेदभाव है।

#### अधिकारियों को कार्रवाई के निर्देश

सिंचाई विभाग नरवाना के कार्यकारी अभियंता सौरभ गर्ग ने कहा कि सिंचाई संसाधनों से मिट्टी डंपर ऑन के चलने पर खड़ा संज्ञान लिया है इसके तहत एसडीओ और जेई को त्वरित तौर से कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। किसी भी स्तर पर न तो सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने दिया जाएगा और न ही आमजन के सामने समस्या आने दी जाएगी।

## ट्रेन की चपेट में आने से व्यक्ति की मौत

- पटियाला चौक पर रेलवे लाइन पार करते समय गाड़ी की चपेट में आया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

पटियाला चौक पर रेलवे लाइन पार करते समय रेलगाड़ी की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। रेलवे थाना पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया है। गांव घिराय निवासी प्रवीन (27) रिश्तेदारी में पटियाला चौक पर आया हुआ था। बीती रात वह रेलवे ओवरब्रिज के नीचे से रेलवे लाइन को पार कर रहा था। उसी दौरान वह रेलगाड़ी की चपेट मे आ गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की जेब से मिले कागजातों से मृतक की पहचान संभव हो पाई। घटना की सूचना पाकर रेलवे थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और हालातों का जायजा लिया। रेलवे थाना पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया है।

#### कैथल का युवक सफीदों में रेलगाड़ी की चपेट में आया

सफीदों। रेलवे स्टेशन के पास देर रात एक युवक ट्रेन के नीचे आ गया। परिणामस्वरुप उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मामले की सूचना रेलवे पुलिस को दी गई। सूचना पाकर रेलवे पुलिस से एएसआई कपिल मौके पर पहुंचे और शव को नगर के नागरिक अस्पताल में शिनाख्त के लिए रखवाया। मृतक की पहचान गांव बालू (कैथल) निवासी पवन (30) के रूप में हुई है। मृतक पवन दिमागी रूप से परेशान रहता था और पिछले नौ महीनों से अपने घर से गायब था। मिली जानकारी के अनुसार देर रात सफीदों रेलवे स्टेशन के नजदीक ट्रैक पर एक युवक अचानक रेलगाड़ी के नीचे आ गया और उसकी मौके पर ही मृत्यू हो गई। मामले की सूचना रेलवे पुलिस को दी गई। रेलवे पुलिस की ओर से एएसआई कपिल मौके पर पहुंचे और शव को सफीदों के नागरिक अस्पताल में रखवाया। बताया जा रहा है कि यह युवक रेलवे ट्रैक के बीच में बैठकर खाना खा रहा था और अचानक कोई ट्रेन वहां से गुजरी और वह उसके नीचे आ गया।

## ग्रामीणों ने करवाया सड़क निर्माण कार्य बंद

- बहादुगढ़ की मुख्य सड़क पर लगी घटिया क्वालिटी की ब्लॉक ईंटें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सफीदों

गांव बहादुरगढ़ की तरफ जाने वाली मुख्य सड़क में ठेकेदार द्वारा अधिकारियों के साथ मिलीभगत करके घटिया ब्लॉक ईट लगाने के आरोपों के साथ ग्रामीणों ने सड़क निर्माण का कार्य वीरवार को रूकवा दिया है। गांव बहादुरगढ़ निवासी विकास धामा, प्रेमचंद शर्मा, प्रवीण सांगवान, मदन सांगवान, विनोद, मनोज व शमशेर ने आरोप लगाते हुए कहा कि उनके गांव बहादुरगढ़ के मुख्य द्वार से लेकर रेलवे फाटक तक बीएंडआर विभाग द्वारा तारकोल की सड़क तोड़कर 18.29 लाख रुपये की लागत से ब्लॉक की ईंटों से सड़क बनाई जा रही है। सड़क निर्माण में ठेकेदार द्वारा बिल्कुल घटिया क्वालिटी की ब्लॉक ईंटें लगी जा रही है। काफी ब्लाक ईंटे अभी से टूट चुकी हैं। जब इस सड़क के ऊपर से वाहन गुजरेंगे तो यह सड़क बिल्कुल तहस नहस हो जाएगी। ग्रामीणों का कहना था कि सड़क का निर्माण रात्रि में किया जा रहा है और घटिया ब्लॉक ईंटे लगाने के तुरंत बाद उसके ऊपर खाली रेत डाल जा रहा है। ग्रामीणों ने साफ किया कि जब तक बढ़िया क्ववालिटी की नई ईंटे नहीं आ जाती तब तक वे काम को शुरू नहीं होने देंगे।



सफीदों। निर्माण कार्य बंद करवाने के बाद रोष जताते ग्रामीण। फोटो :हरिभूमि

#### ईंटों को तत्काल बदलने के आदेश दिए

काम बंद होने की सूचना मिलने पर मौके पर बीएंडआर के एसडीओ अजय कटारिया, जेई नर सिंह व विकास मौके पर पहुंचे। उन्होंने ग्रामीणों से बात की और सारे हालातों को देखा। एसडीओ ने ठेकेदार को टूटी हुई है ईंटों को तत्काल बदलने के आदेश दिए। इस मामले में एसडीओ अजय कटारिया का कहना है कि मौके का निरीक्षण किया गया है। ठेकेदार द्वारा गीली ब्लॉक ईंट लगाई जा रही थी, जिसके कारण वे टूट रहीं हैं। ठेकेदार को टूटी हुई सभी ईंटों को बदलने व बढ़िया क्वालिटी की ईंटों को लगाने के आदेश दे दिए गए हैं।

## कल अमेरिका से भारत पहुंचेगा हरविंद्र का शव

- मोहनपुर के हरविंद्र की अमेरिका में काम करते समय पांव फिसलने से मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुहला-चीका

अमेरिका में काम करते हुए पांव फिसलने से गिर कर गुहला के गांव मोहनपुर के हरविंद्र सिंह की हुई मौत के बाद अब 15 जून को पार्थिव शव भारत लाया जाएगा। मृतक के भाई पिंदा ने बताया कि अमरीका में रह रहे उनके जानकारों ने कानूनी कार्रवाई पूरी कर ली है और अब 15 जून को वहीं से दो व्यक्ति उसके भाई का पार्थिव शरीर को भारत लाएंगे। पिंदा ने बताया कि उसके भाई व मृतक हरविंद्र के साथ उसका एक चचेरा भाई भी वहीं काम करता था और वह भी शव के साथ ही आ रहा है। पिंदा ने बताया कि हरविंद्र के चचेरे भाई व उसके अन्य साथियों ने कागजी कार्रवाई पूरी कर हरविंद्र की आत्मा की शांति के लिए अमेरिका में पाठ रखा और उसका भोग भी पाया, जिसमें हरविंद्र के नजदीकी साथियों ने भाग लिया। हरविंद्र की अचानक मौत होने से गांव मोहनपुर में सन्नाटा पसर हुआ है और शोक प्रकट करने के लिए आने वाले लोगों का उसके घर पर तांता लगा हुआ है।

## अवैध शराब से भरी पिकअप पकड़ी

- सीआईए स्टाफ की टीम ने 3036 बोतल के साथ चालक को पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सीआईए की टीम ने डाहोला से मांडी रोड पर अवैध शराब से लोड होकर जा रही पिकअप को चालक समेत काबू किया है। पकड़े गए आरोपी चालक की पहचान खटकड़ पत्ती नगूरां निवासी रमेश के रुप में हुई है। पुलिस ने पिकअप गाड़ी से 3036 अवैध शराब ठेका बरामद की। इसके अलावा डिटेक्टिव स्टाफ की टीम ने अलग से 505 शराब की बोतल पकड़ी है। सीआईए स्टाफ इंचार्ज मनीष कुमार ने बताया कि उनकी टीम अपराधों की रोकथाम के लिए बस अड्डा चुहड़पुर पर मौजुद थी। इस दौरान सिपाही सुरेंद्र को सूचना मिली कि खटकड़ पत्ती नगूरां निवासी रमेश अवैध शराब बेचने का काम करता है। जो इस समय पिकअप गाड़ी में काफी मात्रा में अवैध शराब लोड करके गांव डाहौला से गांव मांडी खुर्द की तरफ जा रहा है। सूचना पर सीआईए की टीम ने रेडिंग पार्टी तैयार करके डाहौला से चुहड़पुर रोड रजबाहा पुल पर नाकाबंदी की तो कुछ ही समय बाद डाहौला की तरफ से एक पिकअप गाड़ी आती दिखाई दी। जिसको पुलिस ने रूकने का इशारा किया तो गाड़ी चालक ने गाड़ी को भगाने का प्रयास किया। इस दौरान पुलिस ने आरोपी को गाड़ी समेत काबू कर लिया। गाड़ी चालक रमेश से शराब का लाइसेंस व परमिट मांगा तो वह पेश नहीं कर पाया।



गाड़ी में शराब की अलग-अलग मार्का जिसमें अंग्रेजी, देशी व बीयर की कुल 3036 बोतल बरामद हुई। पुलिस ने बरामद की गई शराब की अवैध बोतलों को काबू कर अलेवा थाना में जमा करवाया जबकि आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

## 500 प्रतिबंधित इंजेक्शन सहित नशा तस्कर पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

नशा के दुष्प्रभाव बारे जागरूक करने के साथ नशा मुक्त हरियाणा मुहिम तहत जिला पुलिस ने नशा तस्करों की धरपकड़ विशेष मुहिम चलाई जा रही है। जिसके तहत बुधवार को सीआईए-1 पुलिस ने थाना शहर क्षेत्र से नशा तस्कर को काबू कर लिया गया। जिसके कब्जे से 500 प्रतिबंधित इंजेक्शन बरामद हुए। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि सीआईए-1 प्रभारी इंस्पेक्टर महेंद्र सिंह की अगुवाई में एएसआई प्रवीन की टीम गश्त दौरान सीवन बाईपास के पास थी। जहां सहयोगी सुत्रो से टीम को जानकारी मिली नानकपुरी कालोनी खुराना रोड़ कैथल निवासी राजेश कुमार प्रतिबंधित नशीले इंजेक्शन बेचने का काम करता है। जो अभी भी अर्जुन नगर स्थित दुकान में बैठा है, जिसको दबिश देकर भारी मात्रा में इंजेक्शन सहित काबू किया जा सकता है। टीम ने मुस्तैदी व सतर्कता का परिचय देते हुए अर्जुन नगर कैथल गली नंबर 1 में स्थित उक्त दुकान सामने दबिश देकर दुकान सामने प्लास्टिक कट्टा हाथ में लिए खड़े संदिग्ध जिला जींद के डाहोला निवासी राजेश हाल निवासी नानकपुरी कालोनी खुराना रोड़ कैथल को काबू कर लिया।

### जिले के मनरेगा मजदूरों व मेट का प्रदर्शन 18 को

**जींद।** मनरेगा मजदूरों व मेटों की बैठक वीरवार को सूबेसिंह स्मारक में मनरेगा श्रमिक यूनियन के जिला संयोजक अशोक कुमार की अध्यक्षता में हुई। बैठक में मनरेगा के बजट में हर साल की जा रही कटौती को लेकर रोष जताया। बैठक में निर्णय लिया गया कि मांगों को लेकर 18 जून को जिलाभर के मनरेगा मजदूर व मेट जिला परिषद सीईओ के कार्यालय पर आक्रोश प्रदर्शन करेंगे। सीटू नेता रमेश चंद्र ने बताया कि भाजपा की केंद्र व प्रदेश सरकारों द्वारा मनरेगा पर लगातार हमले किए जा रहे हैं। मनरेगा के बजट में हर साल लगातार कटौती की जा रही है। इसके अलावा प्रदेश में मनरेगा मजदूरों को न्यूनतम मजदूरी से कम मजदूरी दी जा रही है। मनरेगा के मजदूरों को पिछले तीन-चार साल से पांच किलोमीटर दूर काम पर जाने पर भी किराया नहीं दिया जा रहा। दुर्घटना में चोट लगने पर कोई इलाज का प्रबंध नहीं किया जा रहाए काम मांगने पर काम नहीं दिया जा रहा। अगर काम मिल भी जाता है तो 15 दिन के मस्टरोल में केवल तीन.चार दिन ही काम देकर काम को बंद कर दिया जाता है।

### 16 घंटे पढ़ाई कर पाया मुकाम, बेहद सामान्य परिवार से लक्की

# सफीदों के लक्की ने जेईई एडवांस में मारी बाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सफीदों

सफीदों के छोरे लक्की ने जेईई एडवांस की परीक्षा में बाजी मारते हुए परिवार व सफीदों का नाम रोशन किया है। उसकी इस उपलब्धि पर उसके घर पर बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। बता दें कि हाल की में देशभर में आयोजित हुई जेईई मेन व एडवांस की परीक्षा में सफीदों की आदर्श कॉलोनी में सामान्य परिवार में जन्मे लक्की ने परीक्षा दी थी। इस परीक्षा के परिणाम में लक्की ने 5424 रैंक हासिल किया।

उसकी इस उपलब्धि पर रिटायर्ड आईएएस जगदीश चंद्र शर्मा ने उसे शॉल औढ़ाकर,



फूलमालाएं पहना कर व मुंह मीठा करवाकर

#### रिटायर्ड आईएएस अधिकारी ने किया सम्मानित

सम्मानित किया और उसके उज्वल भविष्य की कामना की। लक्की ने बताया कि वह एक सामान्य परिवार से आता है और उसके पिता मिट्टी के बर्तन बनाने के साथ-साथ एक छोटी सी दुकान चलाते है।

किसी बड़े शहर में जाकर कोचिंग लेना उसके व उसके परिवार के बस की बात नहीं थी। इसलिए उसने 16 घंटे रूटीन में पढ़ाई की और इस मुकाम को हासिल किया। अब वह आगे की पढ़ाई करके बड़े लक्ष्य की ओर अपना ध्यान केंद्रित करेगा। अपने संबोधन में रिटायर्ड आईएएस जगदीश चंद्र शर्मा ने कहा कि इस बच्चे का ज'बा व मेहनत अतुलनीय है और अन्य बच्चों को भी इससे प्रेरणा लेकर आगे बढ़ना चाहिए। किसी बड़े शहर या कोचिंग सैंटर पर जाकर ही पढ़ाई करना जरूरी नहीं है। सिर्फ दिल में एक ज'बा, संकल्प व लक्ष्य निर्धारण की आवश्यकता होती है और इस बच्चे लक्की यह सिद्ध करके भी दिखाया है। इस मौके पर रोहित हुड्डा, मनोज शुक्ला, मनचंदा, चंदन कुमार विशेष रूप से मौजूद थे।

### पावर हाउस दीवार के साथ हैचरी की गंदगी डालने पर मामला दर्ज

**जींद।** गांव सिंध्वीखेड़ा पावर हाउस दीवार के साथ हैचरी का कूडा कर्कट डालने पर सदर थाना पुलिस ने बिजली निगम एसडीओ की शिकायत पर खेत मालिक तथा हैचरी मालिक के खिलाफ संक्रमण फैलाने समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस ने मौके से एक कूडा कर्कट डंप कर रहे टैक्टर को भी कब्जे मे लिया है। बिजली निगम के एसडीओ ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गांव सिंध्वीखेड़ा पावर हाउस दीवार के साथ गांव खरकरामजी निवासी जयभगवान का खेत लगाता है। पिछले डेढ़ माह से जयभगवान तथा हैचरी मालिक अमन पावर हाउस दिवार के साथ हैचरी का कूडा कर्कट डाल रहे हैं। जिससे उठने वाली दुगंर्ध के कारण कर्मियों का पावर हाऊस में काम करना तथा रहना मुहाल हो गया है। जिससे बीमारी फैलने का खतरा भी बना हुआ है। कर्मियों ने दोनों को समझाने की कोशिश भी की लेकिन उनकी बात नही मानी। शिकायत मिलने के साथ सदर पुलिस मौके पर पहुंच गई और हालातों का जायजा लिया।

## खबर संक्षेप

### खेतों से ट्यूबवैलों का सामान चोरी, केस दर्ज

**जींद।** जिले में चोरों ने अलग-अलग स्थानों पर खेतों से ट्यूबवैलों से कीमती उपकरणों को चोरी कर लिया। संबंधित थाना पुलिस मामलों की जांच कर रही है। गांव कंडेला निवासी राममेहर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीती रात चोरों ने उसके खेत से बैटरी, इन्वर्टर, मोटर, केबल को चोरी कर लिया।

### कबड्डी की खेल नर्सरी को लेकर ट्रायल आज

**उचाना।** 40 फूटा रोड पर खेल विभाग द्वारा मंजूर की गई लड़कों की कबड्डी की खेल नर्सरी को लेकर 14 जून को ट्रायल होगी। बाबा प्रेमनाथ खेल अकेदमी संचालक जयभगवान करसिंधु ने बताया कि 14 जून को शाम 5 बजे कबड्डी को लेकर ट्रायल होगी। इस ट्रायल में 8 साल से लेकर 19 साल तक के बच्चें हिस्सा ले सकते है। 35 बच्चों को खेल नर्सरी में दाखिला दिया जाएगा।

### 21 को उचाना आएंगे सांसद जय प्रकाश

**उचाना।** पुरानी अनाज मंडी में 21 जून को हिसार लोकसभा से नवनिर्वाचित कांग्रेस सांसद जयप्रकाश पहुंचेंगे। कार्यकर्ताओं वो रूबरू होंगे। मार्केट कमेटी पूर्व चेयरमैन वीरेंद्र घोघड़िया, वीरेंद्र प्रधान ने कहा कि लोकसभा चुनाव में उचाना हलके में कांग्रेस की पक्ष में रिकार्ड मतदान करने पर कार्यकर्ताओं का आभार सांसद जयप्रकाश जताएंगे। संगठन की नीतियों के साथ-साथ अधिक से अधिक लोगों को कांग्रेस से जोड़ने के लिए वो दिशा-निर्देश देंगे।

### संदिग्ध हालात में मां और बेटी लापता

**जींद।** अपराही मोहल्ले से बेटी के साथ महिला के संदिग्ध हालात मे गायब होने पर शहर थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। अपराही मोहल्ला निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत मे बताया कि गत दस जून को उसकी 25 वर्षीय पत्नी तथा डेढ़ वर्षीय बेटी घर से गायब हो गए। तलाशने करने पर दोनों का कोई सुराग नही लगा।

### सुख-दुखों का खेल है संसारः अहिरका

**जींद।** असमर्थ महिला कल्याण ट्रस्ट के प्रधान रामनिवास अहिरका ने कहा कि परमात्मा ने संसार की रचना जड़, चेतन के मेल से की है। इसलिए संसार में दुखों के बिना सुखों को इस प्रकार नहीं जाना जा सकता है। जिस प्रकार अंधकार के बिना सूर्य के प्रकाश को नहीं जाना जा सकता। मानव का बच्चा जन्म लेते ही सबसे पहले रोता है लेकिन मावन परपात्मा की सवार्ेत्तम रचना है। इसलिए मानव जीवन में भी यदि दुख ही दुख हो तो यह भी कोई मानव जीवन नही।

### दुष्कर्म करने का आरोपित दबोचा

**जींद।** पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस ने महिला को कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ देकर यौन शोषण करने के आरोपित को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया। जहां से अदालत ने आरोपित को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। पिल्लूखेड़ा थाना इलाका गांव की एक महिला ने गत दस जून को पुलिस को दी शिकायत में बताया था।

### मकान का टूटा ताला जेवरात व नकदी चोरी

**जींद।** गांव खापड़ में बीती रात चोरों ने मकान का ताला तोड़ कर सोना व चांदी के जेवरात तथा नगदी को चोरी कर लिया। उचाना थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव खापड़ निवासी मनोज ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह कलायत में रहता है। उसके माता-पिता भी उसके पास आए हुए थे।

### आंगनबाड़ी से चार गैस सिलेंडर चोरी

**जींद।** गांव निम्नाबाद में बीती रात चोरों ने आंगनबाड़ी का ताला तोड़ कर चार गैस सिलेंडरों को चोरी कर लिया। सदर थाना सफीदों पुलिस ने शिकायत के आधार पर चोरी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वर्कर रजनी ने शिकायत में बताया कि बीती रात चोरों ने आंगनबाड़ी का ताला तोड़ कर चार गैस सिलेंडरों को चोरी कर लिया।

---

एसडीएम की अध्यक्षता में उपमंडल स्तर पर लगातार तीसरे दिन समाधान शिविर का आयोजन किया

# लोगों को समस्याओं के हल के लिए नहीं लगाने पड़ रहे चक्कर, एक ही छत के नीचे हो रहा निदान : अनिल दून

- शिकायतों के उचित त्वरित समाधान के लिए मौके पर मौजूद संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना

एसडीएम अनिल कुमार दून की अध्यक्षता में उपमंडल स्तर पर लगातार तीसरे दिन समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में तीसरे दिन शिविर के बाद करीब 60 विभिन्न शिकायतों का निवारण किया गया। एसडीएम ने बताया कि समाधान शिविर में करीब तीन दर्जन फरियादी अपनी शिकायत दर्ज करवाने आए। जिनमे सबसे 'यादा शिकायतें फैमिली आईडी, प्रॉपर्टी आईडी में त्रुटियों को दुर करवाने से संबंधित और विभिन्न सामाजिक पेंशन बनवाने के बारे में सामने आ रही है। दून ने बताया की शिविर के तीसरे दिन फैमिली आईडी में सुधारीकरण के लिए 12 शिकायतें, प्रॉपर्टी आईडी को दुरुस्त करवाने के लिए 6 शिकायतें तथा विधवा, विधुर, विकलांग एवं बुढ़ापा पेंशन बनवाने के संबंध में पांच शिकायतें प्राप्त हुई। जिसके बाद संबधित सभी शिकायतों के तथा उचित त्वरित समाधान के लिए मौके पर मौजूद संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं। दून ने बताया कि इस गर्मी के सीजन के चलते ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में बिजली आपूर्ति तथा स्वच्छ पेयजल की समुचित व्यवस्था के लिए अधिकारियों को विशेष निर्देश दिए गए हैं और मवेशियों की सुविधा के लिए उपमंडल के सभी तालाबों में पर्याप्त पानी भरवाने के लिए भी कहा गया है। उन्होंने बताया कि जैसे-जैसे जनसाधारण को समाधान शिविर के आयोजन की जानकारी मिल रही है वैसे ही फरियादियों की संख्या में बढ़ोतरी हो रही है। इस दौरान एसडीएम दून ने सभी विभाग के अधिकारीयों को दिशा-निर्देश भी दिए कि वे प्राप्त शिकायतों को ब्यौरा अपडेट रखे और समाधान की गई शिकायतों की रिपोर्ट प्रतिदिन प्रस्तुत करें। शिविर में एसडीओ बिजली विभाग रामपाल दहिया, एसडीओ सिंचाई विभाग सुखदर्शन सिंह, एसडीओ जन स्वास्थ्य विभाग नवीन कुमार, एम ई नगर परिषद रमनदीप सिंह, तहसील कल्याण अधिकारी सन्तरो देवी, जिला समाज कल्याण अधिकारी कार्यालय से सोनिया सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।



**जींद।** सामाधान शिविर में महिलाओं की समस्या सुनते हुए एसडीएम।



लोगों की शिकायतें सुनते हुए नायब तहसीलदार राजेश गर्ग।

### समाधान शिविर के चौथे दिन आईं पांच शिकायतें

**सफीदों।** हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार शुरू किए गए समाधान शिविर के तहत नगर के मिनी सचिवालय के सभागार में लगाए गए कैंप में वीरवार को आमजन की समस्याएं सुनी गईं। शिविर की अध्यक्षता नायब तहसीलदार राजेश गर्ग ने की। समाधान शिविर में सुबह नौ बजे ही लोग अपनी-अपनी शिकायतें लेकर पहुंचना शुरू हो गए थे। लोगों ने शिविर में पहुंचकर हैल्प डैस्क पर अपनी-अपनी शिकायतों का पंजीकरण करवाया। उसके बाद नायब तहसीलदार राजेश गर्ग ने एक-एक करके समस्याओं का विस्तार से सुना और उनके हल करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। शिविर के चौथे दिन पांच लोग अपनी-अपनी शिकायतें लेकर पहुंचे। विशेष बात यह रही कि पांचों समस्याएं फैमिली आईडी में वार्षिक आय कम करवाने को लेकर पेश हुई।

## समाधान शिविर लोगों के लिए वरदान

- हर रोज उपमंडल कार्यालय के कांफ्रेस हॉल में सुबह 9 से 11 बजे तक शिविर आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना

जिला, उपमंडल स्तर पर लगने वाले समाधान शिविर लोगों के लिए समस्याओं के समाधान का जरिए बन गए है। ये शिविर लोगों के लिए वरदान से कम नहीं है। एक जगह सभी विभागों के अधिकारी बैठने के चलते समस्याओं का समाधान मौके पर ही हो जाता है। हर रोज उपमंडल कार्यालय के कांफ्रेस हॉल में सुबह 9 बजे से लेकर 11 बजे तक एसडीएम गुलजार मलिक की अगुवाई में सभी विभागों के अधिकारी लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए मौजूद रहते है। फैमली आईडी से लेकर पीने के पानी, पेंशन सहित अन्य जो भी समस्याएं लेकर लोग आते है उनका समाधान हो रहा है। जिस विभाग को समस्या का समाधान करना होता है उसके लिए समय भी तय एसडीएम करते है ताकि बार-बार लोगों को न आना पड़े। जिस समस्या का समाधान मौके पर होना होता है उसका समाधान मौके पर किया जाता है। ग्रामीण सुखदेव, बलजीत, राजेंद्र, रामकुमार ने कहा कि समाधान शिविर लगाने का जो फैसला सरकार ने लिया है वो सराहनीय है। पहले समस्याओं के समाधान के लिए लोग एक-दूसरे विभागों के चक्कर काटते रहते थे। कई बार तो अधिकारी, कर्मचारी किसी मीटिंग या अन्य प्रशासनिक कामों से गए मिलते थे। अब दो घंटे तक हर विभाग के अधिकारी समस्याओं के समाधान के लिए आयोजित हो रहे समाधान शिविर में मौजूद रहते है। जिससे समस्याओं का समाधान मौके पर होना होता है। संबंधित विभाग से अन्य समस्याओं के समाधान के लिए समय तय किया जाता है। एसडीएम गुलजार मलिक ने कहा कि समाधान शिविर में आने वाले लोगों की समस्याओं का समाधान हो ये प्रयास रहता है। जो समस्याएं मौके पर समाधान की होती है उनका मौके पर समाधान किया जाता है। कई समस्याएं ऐसी होती है जिनके समाधान के लिए समय सीमा तय की जाती है।



**उचाना।** समाधान शिविर में लोगों की समस्याओं को सुनते एसडीएम गुलजार मलिक।

---

## सीएम नायब सिंह सैनी से मिले ओमप्रकाश थुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना

भाजपा के वरिष्ठ नेता ओमप्रकाश थुआ चंडीगढ में सीएम नायब सिंह सैनी से मिले। यहां पर विस्तार रूप से लोकसभा चुनाव को लेकर भी चर्चा करने के साथ-साथ विभिन्न मुद्दों पर बातचीत की। ओमप्रकाश थुआ 1996 में जब राजौंद हलका परिसीमन से पहले था तो भाजपा की टिकट पर चुनाव लड़ चुके थे। पीएम नरेंद्र मोदी जब हरियाणा के प्रभारी गुजरात के सीएम रहने के दौरान थे तो हरियाणा में भाजपा को मजबूत बनाने के लिए थुआ ने उनके साथ काम किया। थुआ की गिनती वरिष्ठ नेताओं में होती है। उचाना सीएम नायब सिंह सैनी जब जनसभा करने आए थे तो अचानक ओमप्रकाश थुआ के उचाना मंडी स्थित प्रतिष्ठान पहुंचे थे। ओमप्रकाश थुआ ने बताया कि विभिन्न मुद्दों पर चर्चा सीएम नायब सिंह सैनी से हुई।



**उचाना।** सीएम नायब सिंह सैनी से मिलते हुए ओमप्रकाश थुआ।

## दुकानदारों को शीघ्र मुआवजा उपलब्ध करवाया जाए

- दुकानदारों के मालिकाना दस्तावेज प्रक्रिया को किया जाए सरल
- भाजपा विधायक ने की अर्बन लोकल बॉडी के डायरेक्टर से मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जींद के भाजपा विधायक डा. कृष्ण मिड्ढा ने स्थानीय दुकानदारों के समक्ष आ रही समस्याओं को लेकर चंडीगढ़ में मंत्री सुभाष सुधा व अर्बन लोकल बॉडी के डायरेक्टर यशपाल यादव से मुलाकात की।

विधायक डा. कृष्ण मिड्ढा ने कहा कि जींद में दुकानदारों को दुकानों का मालिकाना हक हासिल करने के लिए अनेक परेशानियों का सामना कर पड़ रहा है। इसलिए मालिकाना हक हालिस करने के लिए जो कागजी प्रक्रिया है, उसका सरलीकरण किया जाना चाहिए ताकि दुकानदार आसानी से सभी जरूरी दस्तावेजों को पूरा कर मालिकाना हक हासिल कर सकें। विधायक डा. कृष्ण मिड्ढा ने कहा कि प्रोपर्टी आईडी को लेकर भी कई तरह की परेशानियां लोगों के सम्मुख आ रही हैं। ऐसे में ऐसा कार्य किया जाए कि प्रोपटी आईडी का कार्य भी सरल हो सके। इसके लिए लोगों को भटकना न पड़े। विधायक डा. कृष्ण मिड्ढा ने कहा कि जींद में पिछले दिनों चक्कर रोड पर लकड़ी के गोदामों में आग लग गई थी। जिससे गोदाम मालिकों को करोडों का नुकसान हुआ था। प्रशासनिक अधिकारी भी जले गोदामा का दौरा कर चुके हैं। आग से गोदाम मालिकों की उम्र भर की कमाई खाक हो गई। सरकार को चाहिए कि जींद के गोदाम मालिकों की आर्थिक मदद की जाए ताकि गोदाम मालिक फिर से व्यापार शुरू कर आजीविका चला सकें। विधायक ने कहा कि दुकानदार व्यापार के साथ-साथ टैक्स भरने का काम भी करता है।



**जींद।** चंडीगढ़ में अधिकारियों से मुलाकात करते विधायक डा. कृष्ण मिड्ढा।

### मौसमी बीमारियों की जानकारी दी

**जींद।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दरियावाला के तहत गांव जाजवान कलां में एमपीएचडब्ल्यू सुशील शर्मा व इशवंती देवी के नेतृत्व में मलेरिया रोधी माह मनाया गया। एइस दौरान छतों पर पड़े कबाड़ को साफ करवाया गया व टंकी, कूलर, होदी व फ्रिज के पीछे लगी वेस्ट ट्रे के पानी मे लार्वा की जांच की गई।

एमपीएचडब्ल्यू सुशील शर्मा व इशवंती देवी ने जागरूक करते हुए कहा कि हर वर्ष जून माह को मलेरियारोधी माह के रूप में मनाया जाता है। क्योंकि जुलाई माह से वर्षा शुरू हो जाती है। जिससे कि मच्छर पनपने के साथ ही मलेरिया सीजन भी शुरू हो जाता है। अतः मलेरिया की रोकथाम हेतु जून माह से ही आवश्यक कदम उठाए जाने जरूरी हैं।

---

## नियमित टीकाकरण को लेकर कार्यशाला

- खसरा रूबेला टीकाकरण को लेकर कर्मी कसें कमर : सुमित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अलेवा

सीएचसी अलेवा में नियमित टीकाकरण को लेकर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता अलेवा सीएचसी प्रभारी डा. जितेंद्र शर्मा ने की तथा मुख्य रूप से विश्व स्वास्थ्य संगठन हिसार से सीनीयर परामर्शदाता डा. सुमित ने भाग लिया। इस अवसर पर सीएचसी अलेवा के अधीन सभी स्वास्थ्य कर्मचारियों ने भाग लिया। कार्यशाला में कर्मचारियों को टीकाकरण के बारे में जानकारी देते हुए डा. सुमित ने कहा कि पोर्टल पर टीकाकरण की पूरी जानकारी कैसे भरनी है और इसके लिए कर्मचारी को पोर्टल की पूरी जानकारी होनी चाहिए। नियमित टीकाकरण के तहत जो बच्चा वंचित रह जाता है। उसकी कर्मचारी पूरी तरह से भरपाई करें। कर्मचारी खसरा और रूबेला टीकाकरण की संख्या बढाने के अलावा खसरा के लक्षण वाले मरीजों के खून के सैंपल लें। जिसमें छह महिने से 15 साल तक अगर कोई बच्चा जिसमें पोलियो के लक्षण दिखाई दें। शीघ्र सूचना विभाग के अधिकारियों को देने के अलावा 24 घंटे के अंदर सैंपल नागरिक अस्पताल भेजें। काली खांसी, गलघोटू और टेटनस के टीकों का टारगेट पूरा करने के निर्देश दिए।



**अलेवा।** सीएचसी में टीकाकरण को लेकर कर्मचारियों को जागरूक करते डा. सुमित।

### करोड़ों के विकास कार्यों को मिली मंजूरी : लाठर

**जुलाना।** जुलाना हलके में सवा करोड़ के विकास कार्य जल्द ही किए जाएंगे। सरकार द्वारा इसकी मंजूरी दे दी गई है। यह बात जुलाना से भाजपा नेता डा. सुरेंद्र लाठर ने पत्रकारों ने कही। उन्होंने कहा कि जुलाना हलके के विभिन्न गांवों में शिव धाम योजना के तहत शमशान घाटों में शेड, पानी की व्यवस्था और चारदीवारी आदि विकास कार्य किए जाएंगे। सिरसा खेड़ी गांव में शमशान घाट में पीने के पानी की व्यवस्था के लिए 65 हजार, राजगढ़ गांव में शेड, चारदीवारी व पीने के पानी की व्यवस्था के लिए पांच लाख, बुआना में पीने के पानी, शेड के लिए 4 लाख 35 हजार रुपये, फतेहगढ़ गांव में चारदीवारी, पानी की व्यवस्था के लिए 14 लाख 97 हजार, खेमाखेडी गांव में चारदीवारी, रास्ता और पानी की व्यवस्था के लिए 15 लाख चार हजार, खरेंटी गांव में शेड, चार दीवारी, रास्ता व पानी की सुविधा के लिए 9 लाख 41 हजार, लजवाना कलां गांव में चार दीवारी, शेड व पानी की व्यवस्था के लिए 31 लाख 43 हजार वहीं लजवाना कलां गांव के दूसरे शमशान घाट के लिए शेड, रास्ता, चार दीवारी व पानी की सुविधा के लिए 20 लाख 94 हजार की लागत से कार्य किए जाएंगे।

## कांग्रेस के वोटों में इजाफाः सुभाष

- बीजेपी लोकसभा में हुई हाफ विधानसभा में हो जाएगी साफ



- बीजेपी के वोटों में हुई रिकार्ड गिरावट : गांगोली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सफीदों

सफीदों से कांग्रेस विधायक सुभाष गांगोली ने लोकसभा चुनाव के आंकड़ों को सामने रखते हुए विधानसभा चुनाव पर भविष्यवाणी की है। उन्होंने कहा कि इसबार कांग्रेस का वोट प्रतिशत जबरदस्त तरीके से बढ़ा है और बीजेपी के वोटों में रिकॉर्ड गिरावट आई है। इसलिए जो बीजेपी लोकसभा चुनाव में हाफ रह गई है, वो विधानसभा चुनाव में पूरी तरह साफ हो जाएगी। सुभाष गांगोली ने कहा कि कांग्रेस को इसबार 36 बिरादरी का भरपूर समर्थन हासिल हुआ। जनता समझ चुकी है कि बीजेपी के पास लोगों को जात व धर्म के नाम पर भड़काने और लड़वाने के अलावा कोई मुद्दा नहीं है लेकिन जनता बंटवारे की नहीं बल्कि भाईचारे की राजनीति को पसंद करती है।

2019 लोकसभा चुनाव के मुकाबले भाजपा का वोट 12 प्रतिशत घटा है जबकि कांग्रेस गठबंधन के वोटों में लगभग 20 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। तमाम रा'यों के मुकाबले हरियाणा में इंडिया गठबंधन को सबसे 'यादा 47.6 प्रतिशत वोट मिले हैं। कांग्रेस ने इसबार 46 विधानसभाओं पर बड़ी जीत दर्ज की है। उन्होंने बताया कि लोकसभा सीटों के हिसाब से देंखें तो अंबाला में कांग्रेस को 18.6 प्रतिशत 'यादा तो बीजेपी को 2019 के मुकाबले 11.1 प्रतिशत कम वोट मिले हैं। भिवानी में कांग्रेस को 21 प्रतिशत 'यादा तो बीजेपी को 13.8 प्रतिशत कम वोट हासिल हुए हैं। फरीदाबाद में कांग्रेस को 20.3 प्रतिशत 'यादा तो बीजेपी को 15.1 प्रतिशत कम वोट मिले हैं। गुरुग्राम में कांग्रेस को 11.6 प्रतिशत 'यादा तो बीजेपी को 10.4 प्रतिशत वोट कम हासिल हुए हैं। हिसार में कांग्रेस को 33 प्रतिशत ज्यादा तो बीजेपी को 7.9 प्रतिशत कम वोट मिले।

---

जनकल्याण मंच की प्रदेश कार्यकारिणी को भंग किया

## जींद से होगी राजनीति की दशा व दिशा तयः कंडेला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सर्व खाप पंचायत के राष्ट्रीय संयोजक व जन कल्याण मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष टेकराम कंडेला ने बताया कि जनकल्याण मंच की कार्यकारिणी को भंग कर दिया गया है। कंडेला ने अपने राष्ट्रीय मुख्यालय पर सर्वखाप, जनकल्याण मंच, भारतीय किसान मजदूर यूनियन के सभी पदाधिकारियों की बैठक 15 जून को बुलाई है। कंडेला ने कहा कि प्रदेश लंबे समय से किसानों और सामाजिक मुद्दों पर संगठन कार्य कर रहा है। स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट लागू करवाना, मनरेगा स्कीम को कृषि के साथ जोड़ना, प्राकृतिक खेती व मोटी फसलों पर लाभकारी मूल्य 'यादा दिलवाना, प्रधानमंत्री किसान सम्मन निधि में वृद्धि करवाना, लीव इन रिलेशनशिप को खत्म करना, एक गांव-एक गोत्र में शादी पर रोक लगाना, युवाओं को नशे से रोकना और 36 बिरादरी के भाईचारे को मजबूत बनाना, इन सभी मुद्दों पर बैठक में विचार विमर्श किया जाएगा। कंडेला ने कहा कि जींद जिला लंबे समय से राजनीति का केंद्र बिंदू है। यहां से सरकार बनती और गिरती है। हरियाणा में जींद जिले में सबसे 'यादा बेरोजगारी है। केंद्र की नई सरकार व हरियाणा सरकार से मांग की है कि जींद में एक बड़ा कारखाना लगाया जाए, जिसमें 25 हजार युवाओं की नौकरी लग सके। कंडेला ने कहा कि पिछले कार्यकाल में अग्निवीर योजना चलाई गई थी, इसमें देश के युवाओं में भारी रोष है। इस पर पूर्ण विचार किया जाए। उन्होंने कहा कि जनकल्याण मंच के प्रदेश के पदाधिकारियों की घोषणा संघर्षशील व काम करने वाले लोगों का शामिल किया जाएगा। जींद के बिजली निगम के उच्च अधिकारियों से मांग है कि खेतों की कनेक्शन की जो सिक्योरिटी बढाई है, उसी हिसाब से ट्रांसफार्मर रखे जाएं। जिन मकानों पर से बिजली की तरे निकलती हैं उन्हें भी हटाया जाए। उन्होंने कहा की सबसे पहले जिला जींद के आठ ब्लॉकों के पदाधिकारी की नियुक्ति की जाएगी।



**जींद।** कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करते टेकराम कंडेला।

## पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र की विपक्ष को नसीहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना

उचाना हलके के दौरे पर रहे पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं कांग्रेस नेता बीरेंद्र सिंह ने हरियाणा में रिक्त हुई राज्यसभा की सीट को लेकर विपक्ष को नसीहत देते भाजपा उम्मीदवार के खिलाफ विपक्ष द्वारा मिलकर अपना उम्मीदवार उतारे जाने का बयान दिया। बीरेंद्र सिंह ने दावा किया कि भाजपा के कई विधायक भी भाजपा की नीतियों से खुश नहीं है।

गांव सेढ़ा माजरा में पत्रकारों से बातचीत करते हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह ने कहा कि अभी जो लोकसभा के चुनाव हुए है उसमें दस रा'य सभा के सदस्य चुनाव जीते है तो रा'यसभा से त्याग पत्र दे दिए। ऐसे में दस सीटें रा'यसभा में रिक्त हुई है। हरियाणा में कांग्रेस के रा'यसभा सदस्य थे दीपेंद्र हुड्डा उन्होंने भी इस्तीफा दिया है तो वो सीट भी हरियाणा में अब भरी जानी है। इस चुनाव में इस चुनाव से पहले भी परिस्थिति ऐसी बनी थी कि जो भाजपा की सरकार है वो अपना बहुमत खो चुकी है। इसका लाभ उठाना चाहिए।



**उचाना।** पत्रकारों से बातचीत करते हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह।

## खबर संक्षेप



### श्री श्याम संकीर्तन एवं भंडारा 19 जून को

**सीवन।** श्री श्याम बाबा परिवार सीवन की ओर से 10वां विशाल श्री श्याम संकीर्तन एवं भंडारा 19 जून को सीवन के बाबा नारायण दास सत्संग हाल में आयोजित किया जाएगा। इस श्री श्याम संकीर्तन में राजीव राजा पटियाला अपने भजनों के माध्यम से श्री बाबा खाटू श्याम का गुणगान करेंगे। उपरोक्त श्री श्याम बाबा परिवार सीवन के प्रधान संजय कंसल और संजू पंसारी ने पत्रकारों को दी।



### सेरदा से कोटडा जाने वाले रोड में गड्ढे ही गड्ढे

**राजौद।** खंड के गांव सेरदा से कोटडा जाने वाली सड़क पर जगह.जगह टूट चुकी है। इससे मोटरसाइकिल चालक कई बार चोटिल हो चुके हैं। ग्रामीण राजेश, सुनील, शमशेर, बलमत, बलजीत, सुनील, सचिन ने बताया कि यह सड़क पिछले लंबे समय से पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुकी है । लेकिन यहां विभाग को कई बार अगवत भी करवा चुके हैं। लेकिन सड़क की सुध लेने वाला कोई नहीं है।

### लघु सचिवालय स्थित सभागार में लोगों की शिकायतें सुनीं

# शिविर में आने वाली शिकायतों का करें समयबद्ध निपटानः डीसी

### लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ होगी सखत कार्रवाई: प्रशांत पंवार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

डीसी प्रशांत पंवार व एसपी उपासना ने लघु सचिवालय स्थित सभागार में समाधान शिविर में लोगों की शिकायतों को सुना। वीरवार को शिविर में 71 शिकायतें आई, जिनका जल्द समाधान किया जाएगा। इस संदर्भ में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि अधिकारी व कर्मचारी यह कार्य गंभीरता से करें। यदि कोई लापरवाही पाई जाएगी तो संबंधित के खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

डीसी प्रशांत पंवार ने कहा कि ने कहा कि जो शिकायतें प्राप्त हुई हैं, उनमें क्रिमनिल केस, परिवार पहचान पत्र, जन स्वास्थ्य विभाग, बिजली, प्रोपर्टी आईडी तथा राशन कार्ड आदि समस्याएं शामिल हैं। डीसी ने कहा कि हरियाणा सरकार ने समाधान शिविर शुरू किए हैं, जिसका उद्देश्य शिकायत निवारण प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करना और लोगों की चिंताओं का समय पर समाधान सुनिश्चित करना है। सरकार द्वारा आमजन के सहयोग के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाएं चलाकर सीधा लाभ प्रदान किया जा रहा है। आम नागरिक को अगर कोई परेशानी आती है तो जिला प्रशासन का पूर्ण प्रयास होता है कि समाधान शिविरों के माध्यम से शिकायतों एवं समस्याओं का मौके पर ही समाधान हो। शिकायतों का संबंधित अधिकारियों के माध्यम से समाधान करवाया जाता है।

इस मौके पर एडीसी सी.जया श्रद्धा, अंडर ट्रेनिंग आईएएस अंकिता पुवार, डीएमसी सुशील कुमार, डीआरओ चंद्रमोहन, ईओ कुलदीप मलिक के अलावा अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।



कैथल। डीसी प्रशांत पंवार समाधान शिविर में लोगों की समस्याएं सुनते हुए।



गुहला-चीका। समाधान शिविर में लोगों की शिकायतें सुनते कर्मचारी।

### गुहला-चीकाः तीसरे दिन शिविर में आई 20 समस्याएं

**गुहला-चीका।** वीरवार को लगातार तीसरे दिन खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी चीका के कार्यालय में आयोजित किए गए समाधान शिविर में कुल 20 शिकायतें आई, जिससे लगता है कि प्रशासन द्वारा उक्त शिविरों को लेकर जागरूक नहीं किया गया। शिविर में लोगों को सम्बोधित करते हुए एस.डी.एम. गुहला कृष्ण कुमार ने लोगों का आह्वान किया कि वे सरकार द्वारा उनके घर-द्वार पर ही समस्याएं हल करने के उद्देश्य से समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं नतीजतन वे ज्यादा से ज्यादा संख्या में शिविर में आएं और लाभ उठाएं। उन्होंने कहा कि कुछ ऐसी समस्याएं व शिकायतें होती है, जिनका मौके पर समाधान करना संभव नहीं होता। इसको लेकर संबंधित अधिकारियों को जांच करके जल्द समाधान करने के निर्देश दिए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा आमजन के सहयोग के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाएं चलाकर सीधा लाभ प्रदान किया जा रहा है। परंतु आम नागरिक को अगर कोई परेशानी आती है तो वे शिविरों में आएं क्योंकि प्रशासन का पूर्ण प्रयास होता है कि समाधान शिविरों के माध्यम स लोगों को शिकायतों एवं समस्याओं का मौके पर ही समाधान हो। प्राप्त जानकारी के अनुसार आज खाद्य एवं आपूर्ति विभाग से केवल एक शिकायत आई। परिवार पहचान पत्र की समस्या लेकर 13 लोग आए। इसी तरह समाज कल्याण विभाग से अपनी समस्या लेकर केवल 6 लोग ही आए। सिंचाई एवं नहरी विभाग, पब्लिक हैल्थ, अस्पताल, बिजली बोड व नगरपालिका आदि विभागों से कोई भी व्यक्ति अपनी समस्या लेकर नहीं पहुंचा। आज के शिविर में कुल 20 लोग अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे, जिनमें से अधिकतर शिकायतों का मौके पर ही निपटारा कर दिया गया।

## पूर्व सैनिक वेलफेयर एसो .का प्रतिनिधिमंडल नपा सचिव से मिला



राजौंद। पूर्व सैनिक वेलफेयर एसोसिएशन के सदस्य सचिव नगरपालिका नरेंद्र शर्मा से वार्ता की। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजौंद

- शहीद स्मारक बनाने बारे में सौंपा ज्ञापन

पूर्व सैनिक वेलफेयर एसोसिएशन कैथल का प्रतिनिधिमंडल एसोसिएशन प्रधान जगजीत फौजी की अध्यक्षता में नरेंद्र सिंह शर्मा सचिव नगर पालिका राजोद से भेंट वार्ता की। प्रधान जगजीत फौजी ने बताया इस बारे सेक्रेटरी नरेन्द्र सिंह शर्मा से एसोसिएशन के शहीद सिपाही सियाराम जिन्होंने 20 दिसंबर 1965 को बलिदानी दी उनके स्मारक बारे प्रार्थना की। इस पर सचीव महोदय ने संज्ञान लेते हुए इसकी अधीनस्थ अधिकारियों से अनुमति लेकर इस कार्य को कल से शुरू करने का करने बारे में बताया जैसे कि कैथल में सभी शहीदों के नाम एम आई एस पोर्टल अप डेट हुए और उसके साथ.साथ जिला परिषद नगर पालिका नगर परिषद के माध्यम से सभी के शहीद स्मारक बनाए जा रहे हैं सचिन साहब ने शहीद की धर्मपत्नी सावित्री देवी है को बुलाकर उनको सैंक्शन का लेटर सौंपा और सेक्रेटरी साहब ने बताया कि कल से हम स्मारक का काम शुरू कर देंगे इसके लिए प्रधान ने सभी का धन्यवाद किया। इस बारे जिला कैथल के शासन और प्रशासन का भी धन्यवाद किया क्योंकि 22 जून को कारगिल विजय सिल्वर जुबली यात्रा जो की 10 मई को सिरसा से चली और 26 जुलाई को कारगिल वार मेमोरियल द्रास लद्दाख में पहुंचेगी उसके बीच में 22 जून को ये यात्रा कैथल में प्रवेश करके रात का कैथल का होगा और हरियाणा शहीद स्मारक पार्क रोड कैथल में कारगिल सिल्वर जुबली समारोह होगा इसके लिए हम मीडिया के माध्यम से भी और वैसे भी सभी को निमंत्रण देते हैं कि कारगिल यात्रा आ रही है उसके स्वागत के लिए पूरा जिला के वासी यहां पर पहुंचे ताकि उसे हम अपने शहीदों को शहीद परिवारों को सभी का मान सम्मान दे सकें इस समय पर रिसालदार मेजर खजान सिंह रिसालदार, कर्मवीर सिंह, सूबेदार हरिपाल हवलदार, अशोक राणा एम सी, हवलदार बलदेव सिंह, सूबेदार रामकुमार, शाहिद की पत्नी शाहिद के पुत्र भी शामिल रहे।



पूंडरी। पीर की दरगाह पर मन्नत मांगते श्रद्धालु। फोटो :हरिभूमि

### अड्डू पीर की दरगाह पर 63वां भंडारा लगाया

**पूंडरी।** पाई मार्ग पर स्थित अड्डू पीर की दरगाह पर हर साल की तरह इस साल भी 63वां विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें सैंकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर सबसे पहले चादर चढ़ाने की रस्म अदा की गई, जिसमें सेवकों ने चादर को नाचते-गाते पीर की दरगाह पर चढ़ाया। पीर बाबा पर माथा टेकने वालों की लंबी-लंबी कतारें देखी गई। लोगों ने झोली फैला कर बाबा पीर से श्रद्धा व विश्वास से मन्नतें मांगी। माथा टेकने आए सैंकड़ों लोगों ने पीर बाबा के दर्शन किए। भक्त पवन कश्यप ने बताया कि फतेहपुर व पूंडरी के साथ-साथ आसपास के गांव के लोगों में अड्डू पीर के लिए बड़ी महानता है। हर साल यहां हजारों श्रद्धालु अपनी मन की मुराद पूरी करते हैं। इस अवसर पर कव्वालियों का प्रोग्राम भी किया गया। इस मौके पर पूर्व पार्षद वीना रानी, पवन कश्यप, बलवान कश्यप, राजबीर कश्यप, अभी कश्यप, बलकार कश्यप, अभी, रोहित कश्यप, मोहित कश्यप, आकाश, विश्वास, विकी जांगड़ा, बिंद्र, विनोद, धर्मबीर, मंगल सैनी, विनोद कश्यप, अनिल सैनी, महिपाल सहित सैंकड़ों श्रद्धालुओं ने यहां माथा टेका।

# कालेजों में पहुंचे करीब सात हजार आवेदन

- 25 जून तक किया जा सकेगा आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

कालेजों में आवेदनों की संख्या लगातार बढ़ रही है। विद्यार्थी आवेदन करने के लिए कालेज पहुंच रहे हैं। आवेदन करने के लिए 25 जून तक का समय है। सभी कालेजों में करीब सात हजार आवेदन हो चुके हैं। सबसे ज्यादा आवेदन आरकेएसडी कालेज, आइजी कालेज, राजकीय कालेज कैथल में हुए हैं। इनके अलावा भी कालेजों में अवेदनों की संख्या बढ़ रही है। इनके अलावा कालेजों में कागजातों के सत्यापन का कार्य भी किया जा रहा है। विद्यार्थी आरकेएसडी कालेज के पोर्टल पर लगभग सभी पाठ्यक्रमों में अपनी रुचि दिखा रहे हैं। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र ने पिछले वर्ष ही अपने सभी संबंधित कालेजों में नई शिक्षा नीति लागू की थी। हालांकि एनईपी के तहत प्रमुख, लघु और बहुविषयक पाठ्यक्रमों का विभाजन स्पष्ट रूप से समझने में कठिन लग रहा था। फिर भी इसने विद्यार्थियों को विषयों की एविस्तृत श्रृंखला से चुनने का अवसर दिया है। कालेज में अपने पंजीकरण के लिए आने वाले विद्यार्थी वास्तव में विभिन्न विकल्पों की उपलब्धता के इस विकल्प की सराहना कर रहे हैं।



कैथल। आरकेएसडी कालेज में दाखिला फार्म जमा करवाते विद्यार्थी।

### आरकेएसडी कालेज में गुरुवार तक हुए आवेदन

| कोर्स | सीटें | आवेदन हुए |
|---|---|---|
| बीए एडेड | 560 | 944 |
| बीकाम एडेड | 160 | 264 |
| बीकाम (सेल्फ फाइनेंस) | 80 | 70 |
| बीबीए (सेल्फ फाइनेंस) | 70 | 69 |
| बीसीए (सेल्फ फाइनेंस) | 70 | 206 |
| बैचलर आफ लाइफ साइंसेज (सेल्फ फाइनेंस) | 80 | 23 |
| बैचलर आफ लाइफ साइंसेज एडेड | 80 | 76 |
| बैचलर आफ फिजिकल साइंसेज एडेड | 140 | 133 |
| बैचलर आफ फिजिकल साइंसेज (सेल्फ फाइनेंस) | 120 | 61 |
| बीए सायंकालीन सत्र (सेल्फ फाइनेंस) | 380 | 103 |
| बीकाम सायंकालीन सत्र (सेल्फ फाइनेंस) | 20 | 52 |

### आइजी महिला कालेज में गुरुवार तक हुए आवेदन

| | | |
|---|---|---|
| बीए एडिड | 400 | 476 |
| बीए आनर्स | 160 | 60 |
| बीकाम | 180 | 137 |
| बीएससी मेडिकल | 60 | 48 |
| बीएससी नान मेडिकल | 240 | 82 |
| बीसीए | 60 | 67 |
| बीएएमसी | 40 | 05 |
| बीए सायंकालीन | 240 | 17 |
| बीकाम सायंकालीन | 160 | 11 |

# आज से 22 जून तक लगाए जाएंगे शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

एडीसी सी.जया श्रद्धा ने बताया कि सिटीजन रिसोर्सेज इंफोरमेशन विभाग द्वारा परिवार पहचान पत्र के संदर्भ में गांव व वार्ड वाईज 14 से 22 जून तक शिविर लगाए जाएंगे। इस शिविर में आमजन जन्म तिथि की वैरिफिकेशन, नेम डैमो-ओथंटिक वैरिफिकेशन, वैवाहिक स्थिति सत्यापन, फैमिली स्ट्रक्चर अनवॉटिड व अनटैग वैरिफिकेशन, व्यवसाय, डुप्लीकेट मोबाईल नंबर, बैंक अकाउंट, जाति वैरिफिकेशन, फैमिली आईडी कोरेक्शन वैरिफिकेशन की जाएगी। अधिकत्तर शिविर गांव के राजकीय स्कूलों में आयोजित होंगे।

अतिरिक्त उपायुक्त सी.जया श्रद्धा ने सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को इस संदर्भ में आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने डी ई ओ, डी ई ई ओ, डीडीईओ और सभी बीईओ को कहा कि वे डयूटी चार्ट के अनुसार कैंप लोकेशन पर उपस्थिति सुनिश्चित करेंगे तथा नोडल ऑफिसर दैनिक उपस्थिति तथा प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे। इसके साथ-साथ पीने के पानी व अन्य व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे। डीडीपीओ तथा सभी बीडीपीओ को निर्देश दिए कि वे ग्राम सचिव को आदेश दें कि लंबित आय व जाति वैरिफिकेशन के कार्य को पूरा करवाएंगे।



एडीसी सी.जया श्रद्धा।

# संदिग्ध हालत में व्यक्ति की मौत

- बुधवार को गांव की गली में पड़ा मिला था जगरूप का शव
- पुलिस ने महिला के खिलाफ किया हत्या का मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुहला-चीका

चीका के गांव बलबेहड़ा में बुधवार को गली में जगरूप का शव मिलने के बाद पुलिस ने महिला के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर जहां शुरू कर दी है। फिलहाल महिला के गिरफ्तारी नहीं की गई है। पता चला है कि मृतक के पड़ौस की महिला के साथ अवैध संबंध थे। महिला का पति किसी के ट्रैक्टर पर ड्राइवर की नौकरी करता है। घटना की रात वह घर से बाहर था। मौका देखकर रात को जगरूप महिला के घर में घुस गया। उसे वक्त घर में महिला व उसका बेटा सो रहे थे। वहां जगरूप ने महिला के साथ जबरदस्ती करने का प्रयास किया। जब महिला ने विरोध किया तो जगरूप ने बिजली की तार छू लिया। महिला ने उसे बिजली के करंट से छुड़ाने के लिए उसके हाथों पर लकड़ी का फट्टा भी देकर मारा और उसे होश में लाने का भरसक प्रयास भी किया। महिला ने जगरुप के घर का दरवाजा भी खटखटाया लेकिन किसी ने दरवाजा नहीं खोला। उसके बाद महिला ने उसका शव घसीट कर बाहर गली में फेंक दिया।



### मामले की जांच जारी

चीका थाना के प्रभारी इंस्पेक्टर बलबीर सिंह ने बताया कि जांच में अभी तक जगरूप की महिला के साथ अवैध संबंधों की बात सामने आई है। घटना की रात महिला के पति की गैर मौजूदगी में वह उसके घर में घुस गया था। करंट लगने की बात सामने आई है। जिसकी जांच पुलिस कर रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस हर पहलू से घटना की जांच में लगी है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे उसके बाद अगामी कार्रवाई की जाएगी और महिला को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। स्मरण रहे कि चीका के गांव बलबेड़ा की डिलान पटटी में बुधवार को एक व्यक्ति का शव गली में पड़ा मिला था। उसकी एड़ियों पर खरोंच के निशान थे।




### शीघ्र सभी मांगों का समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन और तेज करेंगेः गोरव टॉक

**कैथल।** नगर पालिका कर्मचारी संध हरियाणा सम्बद्ध सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा ने अपनी लम्बित मांगो को लेकर जिला पालिका आयुक्त कार्यालय पर जोरदार प्रदर्शन करते हुए संबधित अधिकारी के माध्यम से शहरी स्थानीय निकाय मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। इसकी अध्यक्षता जिला प्रधान गौरव टांक ने व संचालन जिला सचिव विक्की टॉंक ने किया। उन्होंने कहा कि 20 को डीसी कार्यालय व 23 जून को थानेसर में शहरी स्थानीय निकाय मंत्री के आवास पर जोरदार प्रदर्शन किया जाएगा। आज के प्रदर्शन मे कैथल,चीका,पूंडरी,सीवन, राजौंद व कलयात के कर्मचारियों ने भाग लिया। संगठन के मुख्य संगठनकर्ता शिवचरण, राज्य उपप्रधान राजेंद्र सिनंद,सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के जिला सचिव मास्टर रामपाल शर्मा, नगरपालिका कर्मचारी संघ के जिला प्रधान गौरव टाँक, जिला सचिव विक्की टॉक व ब्लॉक प्रधान बिट्टू ने कहा कि संगठन द्वारा 19 से 29 अक्टूबर 2022 में 11 दिनों तक की गई सफल हड़ताल के दवाब मे शहरी स्थानीय निकाय विभाग की तरफ से 3-4 लैटर जारी किये थे और बाकी मांगे ज्यों की त्यों लंबित हैं। उन्होंने कहा कि मुख्य मांगो में 8 फरवरी के शहरी स्थानीय निकाय विभाग के पत्र के अनुसार सभी पे रोल के कर्मचारियों को पक्का करने, डोर टू डोर के कर्मचारियों को 14500 रु मासिक वेतन देने व ईपीएफ, ईएसआई जमा करवाने, गुरुग्राम व अन्य पालिका, परिषदों, निगमों से हटाए गए कर्मचारियों को दोबारा से ड्यूटी पर लेना और फायर के 1366 अनियमित कर्मचारियों को सेवा सुरक्षा देने आदि शामिल हैं और इन्ही मांगो को लेकर संगठन को बार -बार आंदोलन करना पड़ रहा है।

### प्रॉफिट का लालच देकर साइबर फ्रॉड बनाते हैं ठगी का शिकार

**कैथल।** तकनीक के इस युग में लगभग हर व्यक्ति कंप्यूटर अथवा मोबाइल से जुड़ा हुआ है। ऐसे में साइबर अपराधी भी अपराध करने के नये नये तरीके अपना रहे है । आए दिन लोग साइबर ठगी का शिकार हो रहे हैं। साइबर ठगों द्वारा सोशल मीडिया पर लोगों को विभिन्न प्रकार के प्रलोभन देकर ठगी की वारदातों को अंजाम दिया जा रहा है इनमे से एक इन्वेस्टमेंट के नाम पर ज्यादा प्रॉफिट का लालच देकर लोगों के साथ पैसे की ठगी करने का नया तरीका सामने आया है। थाना साइबर क्राइम से पीएसआई शुभ्रांशु ने जानकारी देते हुए बताया कि साइबर ठग विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर इन्वेस्टमेंट के विज्ञापन देते है, जिसमें उनके द्वारा इन्वेस्टमेंट करने पर 500-600 प्रतिशत या बड़ा प्रॉफिट देने की बात कही जाती है। आमजन प्रॉफिट के लालच में उनके उस लिंक पर क्लिक करता है। साइबर अपराधियों द्वारा व्हाट्सएप या टेलीग्राम ग्रुप ज्वाइन करवा लिया जाता है। ठग टर्म एंड कंडीशन समझाते हुए इन्वेस्टमेंट करने के लिए कहते है। आमजन द्वारा पूंजी इन्वेस्टमेंट करने पर ठगों द्वारा मोबाइल फोन में एक एप्प भी डाउनलोड करवाया जाता है, जिसमें इन्वेस्टमेंट व प्रॉफिट संबंधी जानकारी लगातार दिखाई देती रहती है। आमजन जब प्रॉफिट की रकम को निकालने की सोचता है, वह पैसे वह निकाल नहीं पाता। इसके बाद भी साइबर ठग कहते है कि आपको प्रोफिट की रकम निकालने के लिए प्रोसेसिंग फीस व टैक्स आदि देने पडेंगे। पैसा निकालने के लिए आमजन उनके झांसे में आकर साइबर ठगों को और भी पैसा दे देता है। आमजन को बाद में पता चलता है कि वो साइबर फ्रॉड का शिकार हो चुके है। उन्होने आमजन से अपील करते हुए कहा कि इस तरह के इन्वेस्टमेंट के लुभावने लिंक पर कभी भी क्लिक ना करें। इस तरह के लुभावने ऑफर साइबर ठगों द्वारा आमजन की रकम हड़पने के लिए दिए जाते है।



पीएसआई शुभ्रांशु।

### डीएवी स्कूल के बच्चों की प्रस्तुतियां रही सराहनीय

**पूंडरी।** हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद् द्वारा पंचकुला के इंद्रधनुष स्टेडियम में आयोजित राज्य स्तरीय पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित हुआ, जिसमें मुख्यातिथि के रूप में हरियाणा के महामहिम राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय मुख्यरूप से आमंत्रित हुए। इस समारोह में प्रदेशभर के स्कूलों के बच्चे शामिल हुए। इस समारोह में डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल के बच्चों ने विशेष रूप से समुह नृत्य में अपनी प्रस्तुति देकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

**न्यायालय तहसीलदार-कम- सयुंक्त सब रजिस्ट्रार साहिब जीन्द ।**

कृष्ण पुत्र श्री सतप्रकाश निवासी आदर्श नगर नरवाना रोड जीन्द बनाम जनरल पब्लिक द्वारा इस इश्तहार के माध्यम से हर आम व खास को सुचित किया जाता है कि मेरे पिता जी स्व० श्री सतप्रकाश पुत्र श्री शेखर चन्द निवासी जीन्द का स्वर्गवास मिति 27.09.1996 को हो चुका है इनके स्वर्गवास के बाद निम्नलिखित वारिस है :-

| सी. नं. | नाम | सम्बन्ध |
|---|---|---|
| 1 | शिक्षा | पत्नी |
| 2 | कृष्ण | पुत्र |
| 3 | सुनीता रानी | पुत्री |
| 4 | ममता रानी | पुत्री |
| 5 | बबिता | पुत्री |
| 6 | रीतू | पुत्री |
| 7 | अन्जु | पुत्री |

इनके इलावा उक्त मृतक का दीगर कोई वारिस नहीं है जिसके सम्बंध में प्रार्थी ने अपना शपथ पत्र भी प्रस्तुत कर दिया है। इसलिए हर आम व खास को इस नोटिस / इश्तहार के माध्यम से सुचित किया जाता है कि उपरोक्त मृतक के बताए गए वारसान / उत्तराधिकारी के बाबत कोई शक या एतराज हो तो वह स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस नोटिस के प्रकाशन के उपरान्त 30 दिन के अन्दर-अन्दर इस कार्यालय के कार्यदिवस पर अपना इतराज प्रस्तुत कर सकता है अन्यथा उपरोक्त तथ्यों के आधार पर पंजीकरण कर दिया जावेगा।

यह नोटिस बाबत इश्तहार आज दिनांक 13-06-24 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया।

हस्ता/- तहसीलदार-कम-सयुंक्त सब रजिस्ट्रार साहिब जीन्द ।

### पुलिस की नशा जागरुकता मुहिम लगातार जारी

# जिंदगी को हां व नशे को कहें नाः कुलदीप बेनीवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

कैथल पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस महानिदेशक हरियाणा श्री शत्रुजीत कपूर के आदेशो एवं श्री ओ०पी० सिंह अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक हरियाणा नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो, पंचकूला के निदेशों की पालना में कैथल पुलिस द्वारा 12 जून से 26 जून 2024 तक नशा मुक्त भारत पखवाड़ा अंतर्गत नशे के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत जिला पुलिस युवाओं को नशे से दूर रखने तथा खेलों से जोड़ने के लिए खेल गतिविधियों के माध्यम से युवाओं को प्रोत्साहित कर रही है। अभियान के माध्यम से पुलिस का उद्देश्य आमजन को नशे की बुराइयों से अवगत करवाना तथा नशे के आदी युवाओं को समाज की मुख्यधारा में जोड़ना है। जानकारी देते हुए डीएसपी कुलदीप बेनीवाल ने बताया कि नशा एक ऐसी बुराई है जिससे व्यक्ति का अनमोल जीवन समय से पहले ही मौत का शिकार हो जाता है। नशा करने वाला व्यक्ति अपने साथ-साथ पूरे परिवार का जीवन खराब कर देता है। उन्होंने कहा कि सबसे पहले युवा पीढ़ी को नशे से बचाना होगा। इस अभियान से पहले भी जिला पुलिस की टीम सुबह और शाम युवाओं को खेल गतिविधियों से जोड़कर उन्हें नशे से दूर रहने का संदेश दे रही हैं। इस अभियान से जहां युवा खेलों से जुड़ेंगे वहीं आपराधिक गतिविधियों से दूर रहेंगे। पुलिस प्रशासन के इस अभियान के सार्थक परिणाम सामने आ रहे है तथा जिला के अनेक युवा खेलों की ओर आकर्षित हो रहे हैं। पुलिस का उद्देश्य नशे के आदी युवाओं को समाज की मुख्यधारा में जोड़ने का है। अभियान के तहत नशा जागरूकता टीम में शामिल एसआई कर्मबीर सिंह,एएसआई ओमप्रकाश, एचसी सुनील कुमार, महिला सिपाही,मनीषा व सुमन तथा होमगार्ड गुरदेव की टीम द्वारा हारट्रोन कंप्यूटर सेंटर कैथल, आईसीएस कैथल व चीका, सदरहेड़ी, कम्हेड़ी, सुगलपुर, टटियाना व बाउपुर गांव में युवाओं व आमजन को नशे से दूर रहने तथा खेलों से जुड़ने के लिए प्रेरित किया।



कैथल। डीएसपी कुलदीप बेनीवाल युवाओं को संबोधित करते हुए। फोटो :हरिभूमि

### पेपर लीक, धांधली व एक भी भर्ती न होना प्रदेश सरकार की विफलता : रामप्रकाश गोगी

**पूंडरी।** इनेलो जिला कार्यकारी अध्यक्ष ईश्वर मैहला व प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रामप्रकाश गोगी ने कहा कि सरकार लीपापोती के खेल में नीट परीक्षा के पूरे गड़बड़झाले को दबाने की साजिश की जा रही है। न तो पूरे तथ्य बताए जा रहे, न ग्रेस मार्क्स के मापदंड बताए जा रहे, न गड़बड़ झाले और विवादों का हल बताया जा रहा और न ही 24 लाख युवाओं के भविष्य पर सवाल उठाने का कारण बताया जा रहा है। 24 लाख युवाओं के भविष्य की दुहाई है कि मोदी सरकार व एन.टी.ए. जवाब दे। उन्होंने कहा कि नीट एग्जाम में 67 टॉपर कैसे बनें यानि 720 में से 720 नंबर कैसे आए। यह अपने आप में ही असंभव व बेमान्य लगता है। क्या ऐसा हो सकता है कि 67 बच्चे 100 प्रतिशत सही जवाब दे पाए। एन.टी.ए. की वरिष्ठ निदेशक डा. साधना पराशर ने यह स्वीकारा कि 2 तरह के ग्रेस मार्कस दिए गए। नीट एग्जाम के दौरान समय खराब होने पर छात्रों को ग्रेस मार्कस दिए। नतीजा यह हुआ कि 67 छात्र नीट टॉपर बन गए, नीट एग्जाम की कट आफ 137 नंबर से बढ़कर 164 हो गई तथा सैंकड़ों हजारों छात्रों को ग्रेस मार्कस मिलने से नीट एग्जाम के पूरे रिजल्ट का सिस्टम ही बिगड़ गया। उन्होंने कहा कि फिर मोदी सरकार और एन.टी.ए. इस भारी गड़बड़झाले की जिम्मेवारी क्यों नहीं ले रहे। जब पूरी नीट एग्जाम प्रक्रिया में इतनी भारी अनियमितताएं हैं।



पूंडरी। बातचीत करते हुए इनेलो पार्टी के वरिष्ठ नेता ईश्वर मैहला व रामप्रकाश गोगी।

## खबर संक्षेप

### साइबर क्राइम के प्रति किया जागरूक

**जुलाना।** आईटीआई में पुलिस प्रशासन ने साइबर क्राइम प्रति छात्रों को जागरूक करने के लिए अभियान चलाया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में समाजसेवी डा. योगेश नांदल ने शिरकत की। छात्रों को संबोधित करते हुए डा. योगेश नांदल ने कहा कि आज के युग में काफी गिरोह सक्रिय हैं।

### मोदी के फिर पीएम बनने से होगा चहुंमुखी विकास

**पूंडरी।** भाजपा पार्टी के वरिष्ठ नेता पूर्व विधायक प्रो. दिनेश कौशिक ने देश में तीसरी बार भाजपा सरकार व तीसरी बार नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बनने पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि नरेंद्र मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने से देश का चहुंमुखी विकास होगा और देश का विकसित राष्ट्र बनने का सपना भी साकार होगा। देश मे तीसरी बार एन.डी.ए. की सरकार बनी है देश तेजी से आगे बढ़ेगा।

### विधायक एक करोड़ से लगवाई ओपन जिम

**नरवाना।** नरवाना विधायक रामनिवास सुरजाखेड़ा ने हल्के के बीस गांव में एक करोड़ रुपए की लागत से ओपन जिम का निर्माण कराया। यह कार्य विधायक आदर्श ग्राम योजना के तहत पूरा हुआ। जिसमें हर एक गांव में पांच लाख रुपए की लागत से ओपन जिम का निर्माण होना था। विधायक ने कहा कि आज के समय में लोगों का व बच्चे जो देश का भविष्य है उनका स्वास्थ्य जरूरी है। इस योजना के तहत सुंदरपुरा, सच्चाखेड़ा, फरैण कलां, कलौदा कलां, नेहरा, अमरगढ़, फुलियां खुर्द, लोहचब, कर्मगढ़, हथो, सिंगवाल, सुरजाखेड़ा, बेलरखां, अंबरसर, गुरूसर, उझाना, कोयल, ढ़ाबी टेक सिंह, नारायणगढ़ व गढ़ी गांव शामिल हैं।

### प्लाटों पर कब्जा दिलाने के लिए डीसी से मिले ग्रामीण

**जींद।** गांव राजपुरा भैण के ग्रामीणों ने महात्मा गांधी ग्रामीण बस्ती योजना के तहत मिले प्लाटों पर कब्जा दिलाए जाने की मांग को लेकर डीसी से मिले। ग्रामीणों ने बताया कि महात्मा गांधी ग्रामीण बस्ती योजना के तहत 100-100 वर्ग गज के प्लाट 2011 में मिले थे। उनकी रजिस्ट्री भी हो चुकी है लेकिन कब्जा अभी तक नहीं मिला है। कई बार प्रशासन कब्जा दिलाने के लिए गांव में आए लेकिन उन्हें ग्रामीणों के विरोध का सामना करना पड़ा और प्रशासन को बैरंग ही लौटना पड़ा। अब फिर ग्रामीणों ने उपयुक्त से मिल कर उनको 100-100 गज के प्लाट पर कब्जा दिलाने के लिए गुहार लगाई है। 2011 के में हुए सर्वे के अनुसार ग्रामीणों को 70 से अधिक लोगों को योजना के पात्र पाया गया था।

### लोस में बीजेपी हाफ और विस में होगी पूरी साफ

**उचाना।** किसान कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव एवं उत्तराखंड प्रभारी मनोज नचार ने कहा कि लोकसभा चुनाव में बीजेपी हाफ हो गई है और विधानसभा चुनाव में पूरी तरह से साफ हो जाएगी। आज हर वर्ग कांग्रेस राष्ट्रीय महासचिव रणजीत सुरजेवाला की अगुवाई में कांग्रेस से जुड़ रहा है। हरियाणा के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस का वोट प्रतिशत जबरदस्त बढ़ा है। पार्टी को हर वर्ग के लोगों ने वोट दिए है। आठ सीटें कांग्रेस को जीतनी थी लेकिन गठबंधन उम्मीदवार बहुत कम अंतर से ही हारे हैं।

### खिलाड़ी अब एथलेटिक्स, बास्केटबॉल, बॉक्सिंग व फेंसिंग जैसी खेल की बारीकियां सीखेंगे

# जींद जिले को अलॉट हुई 82 खेल नर्सरिया


जींद। फुटबाल खेलते हुए छात्रा। फोटो :हरिभूमि

**खास बातें**

- दस से 15 साल तक के आयु वर्ग के खिलाड़ियों के लिए 1500 रुपये व 15 से 19 वर्ष के खिलाड़ियों के लिए दो हजार रुपये मिलेंगे
- ऑर्चरी की तीन, एथलेटिक्स की 11, बास्केटबॉल की चार नर्सरी शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶। जींद

खेल विभाग द्वारा जिले को 82 खले नर्सरियां अलॉट की गई हैं। इसमें महिला व पुरुष खिलाड़ी आर्चरी, एथलेटिक्स, बास्केटबॉल, बॉक्सिंग व फेंसिंग जैसी खेल की बारिकियों को सीखेंगे। दस से 15 साल तक के आयु वर्ग के खिलाड़ियों के लिए 1500 रुपये व 15 से 19 वर्ष के खिलाड़ियों के लिए दो हजार रुपये डाइट राशि के तौर पर दिए जाएंगे। एक नर्सरी में 25 खिलाड़ी अभ्यास कर सकेंगे। वहीं दस अतिरिक्ति खिलाड़ियों को वेटिंग लिस्ट में रखा जाएगा। जिला खेल अधिकारी रामपाल हुड्डा ने बताया कि जिले की 82 खेल अकडेमियां अलॉट हुई हैं। जिसमें खिलाड़ी विभिन्न खेलों की बारिकियां सीख कर अपने खेल में सुधार कर सकेंगे और उम्मीद है कि वह आगे चलकर बेहतर प्रदर्शन करेंगे।

#### ऑर्चरी की तीन नर्सरी भी शामिल

जिले के अलॉट हुई 82 खेल नर्सरियों में से आर्चरी की तीन, एथलेटिक्स की 11, बास्केटबॉल की चारए बॉक्सिंग की पांचए फेंसिंग की चार, फुटबाल की चार, हैंडबॉल की आठ, हॉकी की चार, कबड्डी की 14, नेटबॉल की एक, रोइंग की दो, शूटिंग की एक, स्वीमिंग की चार, टेबल टेनिस की एक, ताईक्वांडो की एक, वालीबॉल की दो, कुश्ती की दो व वुशु की दो नर्सरियां शामिल हैं।

#### हैंडबॉल का ट्रायल आज

जींद। मोती लाल नेहरू पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को प्रातः सात बजे गर्ल्स नर्सरी (बालिका हैंडबॉल) का ट्रायल होगा। इसके लिए बालिका की आयु आठ वर्ष से 19 वर्ष के बीच होनी चाहिए। स्कूल के प्राचार्य रविंद्र कुमार ने बताया कि चयनित होने वाले बालकों को 8 से 14 वर्ष की आयु वालों को 1500 रुपये प्रतिमाह और 15 से 19 वर्ष के बच्चों को खेल द्वारा दो हजार रुपये दिए जाएंगे। जिसे खेल विभाग देगा। ट्रायल के लिए आधार कार्ड, फैमिली आईडी, जन्मपत्री, दो फोटो, बैंक का अकाउंट की कॉपी आदि दस्तावेज की मूल प्रति लाना जरूरी है।

#### जिले को यह मिली हैं आर्चरी खेल की नर्सरी

1. एफएस कान्वेंट स्कूल (आर्चरी लड़के व लड़कियां)
2. एकलव्य स्टेडियम जींद (आर्चरी लड़के व लड़कियां)
3. राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रूपगढ़ जीतगढ़

यह मिली है एथलेटिक्स लड़के व लड़कियों की खेल नर्सरी

4. रॉयल स्पोर्ट्स एकेडमी जींद एथलेटिक्स लड़के
5. रॉयल स्पोर्ट्स एकेडमी जींद एथलेटिक्स लड़कियां
6. सीबीएसएम सीनियर सेकेंडरी स्कूल निडानी एथलेटिक्स लड़के
7. दालमवाला पब्लिक स्कूल एथलेटिक्स लड़के व लड़कियां
8. राजीव गांधी खेल स्टेडियम ईगराह एथलेटिक्स (लड़के व लड़कियां)
9. राजीव गांधी खेल स्टेडियम अलेवा एथलेटिक्स लड़के
10. राजीव गांधी खेल परिसर करसिंधु एथलेटिक्स (लड़के व लड़कियां)
11. शिवानिया पब्लिक स्कूल उचाना एथलेटिक्स (लड़के व लड़कियां)
12. महराणा प्रताप सीनियर सेकेंडरी स्कूल मुआना (लड़के व लड़कियां)
13. सनराइज पब्लिक स्कूल एथलेटिक्स (लड़के व लड़कियां)
14. वीपीओ बड़ौदी एथलेटिक्स (लड़के व लड़कियां)

यह मिली है बास्केटबाल की नर्सरी

15. डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल जींद बॉस्केटबॉल लड़कियां
16. जय भारत सीनियर सेकेंडरी स्कूल आसन बॉस्केटबॉल लड़के
17. हिंदू कन्या महाविद्यालय जींद बॉस्केटबॉल लड़कियां
18. कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय सफाखेड़ी बॉस्केटबॉल.लड़कियां

यह मिली बॉक्सिंग की नर्सरी

19. केएम राजकीय महाविद्यालय नरवाना (लड़के व लड़कियां)
20. राजकीय हाई स्कूल पांडू पिंडारा (लड़के व लड़कियां)
21. न्यू बीएस मैमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल रामपुरा (लड़के व लड़कियां)
22. इंडस ग्लोबल एकेडमी किनाना बॉक्सिंग लड़के
23. कालवन स्पोर्ट्स स्टेडियम बॉक्सिंग (लड़के व लड़कियां)

यह मिली है फेंसिंग की नर्सरी

24. इंडस पब्लिक स्कूल जींद फेंसिंग लड़के
25. इंडस पब्लिक स्कूल जींद (लड़के व लड़कियां)
26. डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल जींद (लड़के व लड़कियां)
27. डीएवी शताब्दी पब्लिक स्कूल जींद (लड़के व लड़कियां)

यह मिली है फुटबाल की नर्सरी

28. राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बेलरखां लड़के
29. आधारशिला पब्लिक स्कूल जींद लड़के
30. हर्ष इंटरनेशनल स्कूल (लड़के व लड़कियां)
31. राजकीय हाई स्कूल डूमरखां लड़के

यह मिली है हैंडबाल की नर्सरी

32. सरस्वती सीनियर सेकेंडरी स्कूल दनौदा लड़कियां
33. सरस्वती सीनियर सेकेंडरी स्कूल दनौदा (लड़के व लड़कियां)
34. ईरा इंटरनेशनल स्कूल डूरमखां लड़कियां
35. ईरा इंटरनेशनल स्कूल डूरमखां लड़के
36. गोपाल विद्या सीनियर सेकेंडरी स्कूल (लड़के व लड़कियां)
37. स्पीड खेल एकेडमी लड़के
38. एमएलएन पब्लिक स्कूल लड़कियां
39. राजकीय कन्या हाई स्कूल बीबीपुर लड़के

यह मिली है हॉकी की खेल नर्सरी

40. राजीव गांधी खेल परिसर हमीरगढ़ लड़कियां
41. राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल नरवाना लड़के
42. जीजीजी एसएसएसएस डूमरखां लड़कियां
43. गुरु अमरदास हाई स्कूल पीपलथा लड़के

यह मिली है कबड्डी की नर्सरी

44. गुरु द्रोणाचार्य पब्लिक स्कूल लड़के
45. राजकीय गांधी स्पोर्ट्स स्टेडियम ईगराह लड़के
46. महारानी लक्ष्मी बाई कन्या खेल एकेडमी लड़कियां
47. नेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल बागडू कलां लड़कियां
48. महासिंह मैमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल बराह खुर्द लड़कियां
49. जय बाबा जीतगढ़ कबड्डी युवा क्लब लड़कियां
50. भारत सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल लड़के
51. शहीद भगत सिंह स्पोर्ट्स एकेडमी बहादुरगढ (लड़के व लड़कियां)
52. बारूमल कबड्डी एकेडमी लड़के
53. जय हिंद पब्लिक स्कूल बराह कलां सुंदरपुर लड़कियां
54. एसडी सीनियर सेकेंडरी स्कूल घिमाना लड़के
55. ओक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल खेड़ी तलौडा (लड़के व लड़कियां)
56. मोहित अखाड़ा दालमवाला (लड़के व लड़कियां)
57. बाबा प्रेमनाथ खेल एकेडमी उचाना लड़के

यह मिली है नेटबाल की नर्सरी

58. राजीव गांधी स्टेडियम नंदगढ़ (लड़के व लड़कियां)

यह मिली है रोइंग की नर्सनी

59. छोटूराम स्पोर्ट्स क्लब.रोइंग (लड़के व लड़कियां)
60. विद्या भारती सीनियर सेकेंडरी स्कूल लड़कियां

यह मिली है शूटिंग की नर्सरी

61. इंडस ग्लोबल अकेडमी किनाना लड़के

यह मिली है स्वीमिंग की नर्सरी

62. राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल रामराय लड़के
63. राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल रामराय लड़कियां
64. दिल्ली पब्लिक स्कूल जींद लड़के
65. जीडी गोयिंका पब्लिक स्कूल जींद लड़कियां

यह मिली है टेबल टेनिस की नर्सरी

66. वेदांता इंटरनेशनल स्कूल टेबल टेनिस (लड़के व लड़कियां)

यह मिली है ताइक्वांडो की नर्सरी

67. जींद ताईक्वांडो एसोसिएशन-स्पोर्ट्स फाइटर क्लब नरवाना (लड़के व लड़कियां)

यह मिली है वालीबॉल की नर्सरी

68. तक्षशीला इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल भंभेवा लड़के
69. ग्राम पंचायत गुरुकुल खेड़ा वालीबॉल लड़के

यह मिली है कुश्ती की नर्सरी

70. रेलवे बालाजी कुश्ती अखाड़ा सोसाइटी (लड़के व लड़कियां)
71. जसमेर अखाड़ा (लड़के व लड़कियां)
72. श्रीपरशुराम सीनियर सेकेंडरी स्कूल गांगोली लड़कियां
73. राजीव गांधी खेल स्टेडियम ईगराह (लड़के व लड़कियां)
74. ग्राम पंचायत निडाना लड़के
75. बाबा फूलपुरी स्पोर्ट्स क्लब पोली लड़के
76. सीबीएसएम सीनियर सेकेंडरी स्कूल निडानी लड़के
77. हनुमान कुश्ती अखाड़ा लड़के
78. माहिर खेल शिक्षा समिति लड़के
79. माता चन्नन देवी आर्या कन्या गुरुकुल पिल्लूखेड़ा लड़कियां
80. आरोही मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल हसनुपर (लड़के व लड़कियां) यह मिली है वुशु की नर्सरी
81. जीडी सीनियर सेकेंडरी स्कूल गतौली (लड़के व लड़कियां)
82. शहीद राममेहर राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल भौंगर (लड़के व लड़कियां)

### खेल नर्सरी के लिए ट्रायल के एम कॉलेज में आज

**नरवाना।** बॉक्सिंग खेल के लिए लड़के व लड़कियों का खेल नर्सरी का ट्रायल आज शाम 4 बजे के एम राजकीय महाविद्यालय नरवाना के बॉक्सिंग रिंग पर लिया जायेगा। जानकारी देते हुए मेजर सुरेंद्र कुमार ने बताया कि खेल नर्सरी के लिए खिलाड़ियों के ट्रायल लिया जायेगा। जो 8 वर्ष से 14 वर्ष की उम्र के खिलाड़ी ट्रायल पास करेगा उस खिलाड़ी को 1500 रूपये मासिक भत्ता तथा 15 वर्ष से 19 वर्ष के जो खिलाड़ी ट्रायल पास करेगा उस खिलाड़ी को 2000 रूपये मासिक भत्ता दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस खेल नर्सरी के लिए 25 खिलाड़ियों का चयनित किया जाएगा। उन्होंने कहा की खिलाडियों को अपने साथ आधार कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र, बैंक कॉपी, आईएफएससी कोड व यूनिक


जींद। मांगों को लेकर सीएमओ को ज्ञापन सौंपते हुए एनएचएम कर्मचारी।

### एनएचएम कर्मियों ने सीएमओ को सौंपा ज्ञापन मांग

**जींद।** स्वास्थ्य कर्मचारी संघ हरियाणा संबंधित भारतीय मजदूर संघ का जिला शिष्टमंडल एनएचएम कर्मचारियों के लंबित वेतन को जारी करवाए जाने की मांग को लेकर सीएमओ डा. गोपाल गोयल से मिला और ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से जिलाध्यक्ष संदीप कुंडू, प्रदेश उपाध्यक्ष गौरव सहगल, आरटीएस अध्यक्ष कुलदीप, सलिंदर ने बताया कि एनएचएम कर्मियों को प्रति माह सात तारिख को वेतन उपलब्ध करवाया जाता है। इस बार 13 जून तक भी एनएचएम कर्मियों को वेतन नही मिला है। बिना वेतन के कर्मचारियों को घर खर्च को लेकर आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में कर्मचारियों को जल्द से जल्द वेतन उपलब्ध करवाया जाए ताकि घरेलू स्तर पर आर्थिक परेशानियों का सामना न करना पड़े।

## अनुबंधित विद्युत कर्मचारी संघ ने एसई से की मुलाकात

- अगले महीने की सेलरी यूनियन बैंक में आने की कही बात

हरिभूमि न्यूज ▶▶। जींद

अनुबंधित विद्युत कर्मचारी संघ हरियाणा जिला कार्यकारिणी की बैठक अधीक्षक अभियंता के साथ हुई। बैठक में जिला उपाध्यक्ष पवन धीमान, जिला सलाहकार मोती मोर, जिला कोषाध्यक्ष योगेश शर्मा, बिल्लू दहिया शामिल रहे। उन्होंने बताया कि सभी कर्मचारियों के अकाउंट यूनियन बैंक में खुलवाए कर्मचारियों की अगले महीने की सेलरी यूनियन बैंक में ही आएगी।


जींद। अधीक्षक अभियंता से बातचीत करते हुए अनुबंधित कर्मचारी।

सभी कर्मचारीयो के अकाउंट खुलवा दिए जाएंगे। इसका पत्र जारी कर दिया जाएगा। डीसी रेट कर्मचारी का पीएफ 2008 से 2015 अकाउंटेंट को डर है पोर्टल पर ईसीआर डाउनलोड करते हैं तो प्लेंटी लगती है। जो कि उनके खाते से पड़ेगी। जिस पर अधीक्षक अभियंता ने कहा कि कोर्ट में विभाग जा कर बीच का रास्ता निकाल कर कर्मचारियों के पैसे उनके अकाउंट में डलवा दिए जाएंगे। जींद सर्कल के अंतर्गत आने वाले सभी कार्यालयों से डाटा मांगा जाएगा, कितने अनुबंधित कर्मचारीयों की मृत्यु हुई है, उनके परिवार को नौकरी मिले, एचकेआरएन के माध्यम नौकरी मिल सके। उन्होंने कहा कि अनुबंधित कर्मचारीयों की ड्यूटी काफी दूर है।

बहुत से कर्मचारी हैं ऐसे अधिकारी ने कहा सब डिवीजन में अपने सबडिवीजन के अध्यक्ष के माध्यम से आने दें, जिसकी जायज बदली होगी, उसे कर दिया जाएगा। सभी अनुबंधित कर्मचारियों का डाटा पोर्टल पर अपडेट करने के लिए तीनों डिवीजन के एक्शनों को पत्र लिख दिया जाएगा।

## सिविल सर्जन ने किया नागरिक अस्तपाल का औचक निरीक्षण

- इमरजेंसी सेवाएं, लेबर रूम एवं वार्डो का निरीक्षण किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶। उचाना

नागरिक अस्पताल उचाना का औच्चक निरीक्षण सिविल सर्जन डा. गोपाल गोयल, उप सिविल सर्जन डा. पालेराम, डा. रमेश पांचाल ने निरीक्षण कि इमरजेंसी सेवाएं, लेबर रूम एवं वार्डो का निरीक्षण किया गया। मरीजों से मुलाकात करके उनका हाल.चाल भी जाना गया। गर्मी को देखते हुए सिविल सर्जन


उचाना। नागरिक अस्पताल में पहुंचे सिविल सर्जन डा. गोपाल गोयल।

द्वारा वार्डो में लगाए गए कूलरों की व्यवस्था की सराहना की गई। एनबीएसयू एवं लेबर रूम में उपस्थित स्टॉफ को निर्देश दिए गए की कोई भी गर्भवती महिला डिलीवरी हेतू आए उसका रजिस्ट्रेशन अवश्य करेंए जांच उपरांत यदि रेफर की आवश्कयता है तो एंबुलेंस सेवा के साथ उसको रेफर की जाए। परिवार, गर्भवती महिला को अच्छे तरीके से प्रेरित किया जाए। सभी अधिकारियोंए कर्मचारियों को स्वास्थ्य विभाग द्वारा जो ड्रेस कोड लागू किया गया है, उसको लेकर संबंधित स्टॉफ ड्रेस कोड डालने बारे निर्देश दिए गए। प्रत्येक अधिकारी, कर्मचारी अपनी बायोमैट्रिक हाजरी समय अनुसार दैनिक तौर पर लगाएं।

## सुखविंद्र पर हमले की कड़ी निंदा

- कहा हमलावरों को जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶। कैथल

मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी कैथल जिला केंद्र ने 10 जून को सरदार सुखविंद्र सिंह पर बसटैण्ड के नजदीक रेलवे फाटक पर अज्ञात लोगों द्वारा खालिस्तानी-आतंकवादी बोलकर किये गए जानलेवा हमले की कड़ी निंदा की है। जिला सचिव कामरेड प्रेम चंद ने प्रेस को बयान जारी करते हुए कहा कि फर्नीचर का शोरूम चलाने वाले कैथल निवासी पर धर्म को आधार बनाकर किये गए


बैठक में विचार विमर्श करते माकपा नेता

हमले ध्रुवीकरण की ओछी राजनीति से पैदा हुए माहौल का परिणाम है। धर्मनिरपेक्षता की अनदेखी करके हित साधने के लिये जब भी धर्म का घालमेल राजनीति से किया गया तब तब आपसी भाईचारा व इंसानियत को नुक्सान पहुंचा है। बीते दस सालों के दौरान धर्मनिरपेक्ष मूल्यों पर हमले हुए हैं और अल्पसंख्यक समुदायों के प्रति घृणा का माहौल पैदा किया गया है। यही नही इस दौरान मोब्लिंचींग की घटनाएँ भी बढी हैं।असल में बढ़ती बेरोजगारी,महंगाई व परिवारों की आय घटने के कारण निराशा पैदा हुई है। लोगों का ध्यान मुलभुत मुद्दों की बजाय विभाजनकारी व छद्म मुद्दों की तरफ धकेला जा रहा है। यह व्यवस्थागत समस्या है। बेकसुर सरदार सुखविंदर सिंह पर हुए हमले ने सभय नागरिकों को हिलाकर रख दिया है। भारत का संविधान नागरिकों को किसी भी धर्म में आस्था रखने का अधिकार देता है।

## सर्व कर्मचारी संघ ने की गेट मीटिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶। गुहला-चीका

बिजली निगम की ऑल हरियाणा पावर कॉरपोरेशन वर्कर यूनियन संबंधित सर्व कर्मचारी संघ ने दूसरे दिन भी उपमंडल अधिकारी गुहला के खिलाफ गेट मीटिंग की। जिसमें ऑल हरियाणा पावर कॉरपोरेशन यूनायन के राज्य सचिव अभिषेक शर्मा और केंद्रीय कमेटी परिषद के सदस्य बलजिंदर सीडा जी भी उपस्थित रहे। आज की गेट मीटिंग की अध्यक्षता सब यूनिट गुहला प्रधान सुदर्शन कुमार और मंच का संचालन सचिव वीरेंद्र कुमार ने किया। उन्होंने अपना बयान जारी करते हुए कहा है कि उपमंडल


गुहला चीका। सर्व कर्मचारी संघ दूसरे दिन भी उपमंडल अधिकारी गुहला के खिलाफ गेट मीटिंग करते हुए। फोटो :हरिभूमि

अधिकारी गुहला के द्वारा टेक्निकल स्टाफ को दफ्तर के अंदर बिठाया हुआ है जबकि फील्ड और पॉवर हाउस में स्टाफ की बहुत कमी है। जो टेक्निकल कर्मचारी भर्ती किए जाते हैं वह टेक्निकल काम के लिए किए जाते हैं लेकिन अधिकारियों द्वारा अपने चहेतों को उनकी पोस्ट के अनुसार ड्यूटी ना करवा कर उनसे दफ्तर का काम करवाया जाता है पोस्ट सब की एक ही है लेकिन काम सबसे अलग अलग लिया जाता है एक लाइनमैन तो फील्ड में गर्मी में 45 डिग्री तापमान मे खम्बों पर चढ़कर काम करता है और दूसरी तरफ एक लाइनमैन दफ्तर में पंखों और अउ के नीचे बैठकर आराम से अपनी ड्यूटी करता है लेकिन वेतन और बाकी सभी टेक्निकल सुविधाएं फील्ड के लाइनमैन के बराबर लेता है। आज की गेट मीटिंग में यूनिट प्रधान गुरमीत रंगा, यूनिट उप प्रधान श्याम लाल, यूनिट सचिव राकेश कुमार यूनिट कैशियर संदीप सीडा आदि मौजूद रहे।

## 40 गांवों में तीन करोड़ 90 लाख 84 हजार रुपये की लागत से फिरनी होंगी जगमग

हरिभूमि न्यूज ▶▶। जींद

- जिले के सभी आठ गांवों के पांच-पांच गांवों की फिरनी पर ये एलईडी लाइट लगेंगी

ज़िले के 40 गांवों में तीन करोड़ 90 लाख 84 हजार रुपये की लागत से फिरनी जगमग होंगी। फिरनी पर एलईडी लाइट लगाने के लिए पंचायती राज विभाग ने टेंडर लगा दिया है। जिले के सभी आठ गांवों के पांच-पांच गांवों की फिरनी पर ये एलईडी लाइट लगेंगी। इनमें जींद ब्लाक के अमरहेड़ी, बीबीपुर, राजपुरा, सिवाहा, बरसोला, जुलाना ब्लॉक के बुढाखेड़ा लाठर, बुहाना, ढिगाना, किलाजफरगढ़, किनाना, पिल्लूखेड़ा ब्लाक के भंभेवा, भूरायण, गांगोली, जामनी, लुदाना, सफीदों ब्लॉक के बहादुरगढ़, बिटानी, मलिकपुर, पाजू कलां, सिवानामाल, अलेवा ब्लॉक के बधाना, भिगाना, नगूरां, निंबरान, संडील, शामदो, उचाना ब्लॉक के बडनपुर, डूमरखां कलां, घोघड़ियां, काकड़ोद, खटकड़, नरवाना ब्लाक के भाणा ब्राह्मण, दबलैन, धरौदी, फरैण कलां, सिंगवाल, उझाना ब्लाक के ढाबी टेकसिंह, हमीरगढ़, कोयल, लोन, पीपलथा गांव शामिल हैं। भाजपा जिलाध्यक्ष राजू मोर ने बताया कि शहर की तर्ज पर गांवों में भी सुविधाएं ग्रामीणों को मिलेए इस पर सरकार का विशेष ध्यान है। एलईडी लाइट लगने से गांव की फरनी पर रात को अंधेरा नहीं होगा। जिससे महिलाओं को भी अल सुबह व देर शाम को सैर करने में किसी तरह की दिक्कत नहीं होंगी। नशेड़ी और शरारती तत्व अंधेरे का फायदा उठाते हैं। एलईडी लाइट लगने से आपराधिक घटनाओं पर भी अंकुश लगेगा।

**पहल** गांव से महाविद्यालय तक आने के लिए छात्राओं के लिए मुफ्त बस सेवा

## नारी शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए अनोखी पहल

- 40 गांवों की बेटियों को कॉलेज आने-जाने में नहीं होगी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶। उचाना

राजीव गांधी महाविद्यालय में सत्र 2024-25 के दाखिलों के लिए रजिस्ट्रेर्शन शुरू हो चुका है। प्राचार्य आईएस लाखलान ने बताया कि महाविद्यालय में लड़कियों के खापड़, भौंगरा, बुडायन, मखंड, संदलना, सौंथा, बनभौरी,



जींद। राजीव गांधी महाविद्यालय उचाना। फोटो :हरिभूमि

मतलौडा, छैन, उदयपुर, दुर्जनपुर, काकड़ोद, उचाना खुर्द, उचाना कलां, उचाना मंडी, करसिंधु, अलीपुरा, लोधर, सुदकैन खुर्द, काब्रच्छा, सुदकैन कलां, डूमरखा खुर्द, डूमरखा कलां, घसो खुर्द, घसो कलां, खेड़ी मंसानिया, सफा खेड़ी, खरकभूरा, छात्तर, डाहोला, कुचराना खुर्द, कुचराना कलां, घोघड़िया, कसूहन, कालता, खटकड़, बड़ौदा, रोज खेड़ा सहित विभिन्न गांवों में मुफ्त बस सेवा दी जा रही है। उन्होंने बताया कि महाविद्यालय में बीए, बीकॉम, बीएससी, फिजिकल साइंस नॉन मेडिकल, बीएससी लाईफ साइंस मेडिकल आदि में दाखिल के लिए रजिस्ट्रेर्शन शुरू हो चुके है। विद्यार्थियों को महाविद्यालय में मुफ्त रजिस्ट्रेर्शन की सुविधा दी जा रही है। रजिस्ट्रेर्शन 25 जून तक खुले रहेंगे। ऑनलाइन वेरीफिकेशन 28 जून तक रहेगा। ओपन काऊंसलिंग के लिए विद्यार्थियों को 16 जुलाई को बुलाया जाएगा। हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार एससी, बीसी, आर्थिक रूप से कमजोर एवं मेधावी विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति दी जाएगी। इंग्लिश स्पीपिंग एवं व्यक्तिगत निखार की कक्षाएं अलग से दी जाएगी। सरकारी नौकरी में चयन के लिए ली जाने वाली कोचिंग के लिए भी भविष्य में महाविद्यालय द्वारा हर संभव सहयोग किया जाएगा। एनसीसी, एनएसएस की यूनिट भी स्वीकृत है।